# हैलो सरकार

जनता की भावनाओं एवं आकांक्षाओं का एकमात्र समाचार-पत्र

पल-पल की टी.वी. एवं रेडियो खबरों के लिए लॉन ऑन करें- www.hellosarkar.com


**सुविचार**

खुद का अपमान कराके जीने से तो अच्छा मर जाना है क्योंकि प्राणों के त्यागने से केवल एक ही बार कष्ट होता है पर अपमानित होकर जीवित रहने से आजीवन दुःख होता है।

-चाणक्य


हैलो सरकार समाचार पत्र में नियमित पाठक बनने, समाचार की प्रति मंगवाने व विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें
फोन: 0141-2202717
मो: 9214203182
वाट्सप नं. 9928078717



वर्ष-23 | अंक-281 | दैनिक प्रभात संस्करण | जयपुर, रविवार 15 जून , 2025 | पृष्ठ-4 | मूल्य: 2.50


राजस्थान की भजनलाल शर्मा सरकार का एक बड़ा फैसला

## अब राज्य में सभी सरकारी कामकाज सरल हिंदी भाषा में किए जाएंगे

जयपुर। राजस्थान की भजनलाल शर्मा सरकार ने फैसला किया है कि अब राज्य के सभी सरकारी कामकाज सरल हिंदी में किए जाएंगे. यानी अब उर्दू और फारसी के कठिन शब्दों की जगह आमजन की समझ में आने वाली आसान हिंदी का इस्तेमाल होगा. इस संबंध में गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने आधिकारिक आदेश भी जारी कर दिए हैं. सरकार का कहना है कि इस कदम का उद्देश्य यह है कि प्रशासन को आम जनता के लिए और ज्यादा सरल और पारदर्शी बनाया जा सके. इससे लोगों को सरकारी कामकाज में



भागीदारी करने में आसानी होगी और दस्तावेजों को समझना मुश्किल नहीं रहेगा.

गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम की ओर से जारी इस आदेश के अनुसार, अब से पुलिस विभाग द्वारा तैयार किए जाने वाले सभी पत्राचार, रिपोर्ट, आदेश, सूचनाएं और दस्तावेज आसान हिंदी में तैयार किए जाएंगे. आदेश में कहा गया है कि अभारतीय, कठिन और पुरानी शैली के शब्दों की जगह प्रचलित और सामान्य शब्दों का ही उपयोग किया जाए.

**आमजन की भाषा में होगा प्रशासन**

सरकार का कहना है कि इस कदम का उद्देश्य है कि पुलिस विभाग के कामकाज को जनता के लिए अधिक पारदर्शी और सहज बनाया जा सके. इससे लोगों को सरकारी दस्तावेजों और सूचनाओं को समझने में आसानी होगी और वे प्रशासनिक कार्यों में अधिक भागीदारी कर सकेंगे.

## प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में जल संसाधन विभाग को 16.50 करोड़ रुपए स्वीकृत

जयपुर। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत 'हर खेत को पानी' अभियान में जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जल संसाधन विभाग को 16.50 करोड़ रुपए की केन्द्रीय सहायता राशि स्वीकृत की गई है। यह राशि वर्ष 2025-26 की प्रथम किश्त के रूप में अभियान अंतर्गत प्रगतिरत 84 रिपेयर-रिनोवेशन-रेस्टोरेशन (आरआरआर) कार्यों के लिए प्राप्त हुई है। अब राज्य सरकार द्वारा 40 प्रतिशत (लगभग 11 करोड़ रुपए) राशि और जोड़ी जाएगी। इस प्रकार कुल 27.50 करोड़ रुपए की लागत से कार्यों को गति मिलेगी। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने बताया कि आरआरआर योजना अंतर्गत कोटा, बूंदी और टोंक जिलों में सिंचाई सुविधाओं के पुनरुद्धार के लिए 84 कार्य 11 सितम्बर, 2023 को स्वीकृत किए गए थे। इन कार्यों के पूर्ण होने से लगभग 4 हजार 404 हेक्टेयर सिंचित क्षेत्र फिर से क्रियाशील हो जाएगा, जिससे 2.16 लाख से अधिक किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।



विभागीय जानकारी के अनुसार, परियोजना की कुल लागत 142.92 करोड़ रुपए है। इसमें केन्द्र और राज्य का अंशदान 60:40 के अनुपात में है। इसके अंतर्गत केन्द्रांश 85.75 करोड़ रुपए और राज्यांश 57.17 करोड़ रुपए निर्धारित है। इसके तहत विभाग को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 15 करोड़ रुपए की केन्द्रीय सहायता प्राप्त हुई थी। वर्तमान में कार्यों की भौतिक प्रगति लगभग 65 प्रतिशत पूर्ण हो चुकी है।

इस योजना की प्रगति से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में संचालित %वंदे गंगा% जल संरक्षण-जन अभियान को भी गति मिलेगी। उल्लेखनीय है कि जल संसाधन मंत्री लगातार विभिन्न जिलों का दौरा कर अभियान के तहत जल संरचनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर रहे हैं। आमजन को जागरूक कर अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देने का प्रयास कर रहे हैं।

चिकित्सा विभाग ने दान पर लगाई शर्तें

## दिवालिया होने की तरफ बढ़ रही है भाजपा सरकार-गहलोत

जयपुर। राज्य सरकार के मेडिकल विभाग की ओर से दानदाताओं पर थोपी गई शर्तों वाला आदेश अब उल्टा पड़ता नजर आ रहा है। कांग्रेस ही नहीं बीजेपी के नेता भी इस आदेश के विरोध में नजर आ रहे हैं। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने इस आदेश पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि राजस्थान की भाजपा सरकार दिवालिया होने की तरफ आगे बढ़ रही है। इसलिए भामाशाहों द्वारा चिकित्सा व्यवस्थाओं को बेहतर करने के लिए दान दी जाने वाली जरूरी वस्तुओं पर अजीबो-गरीब शर्तें लगा रही है। गहलोत ने कहा कि दानदाता हमेशा अस्पतालों से पूछकर ही उनकी जरूरत का सामान देते हैं। इससे अस्पतालों एवं मरीजों दोनों को लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की जिम्मेदारी है कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करे। इसमें कोई दानदाता सहयोग करता है तो सरल से सरल प्रक्रिया से उनका सहयोग लेकर उसे सरकारी व्यवस्था में शामिल किया जाए। सरकार का यह आदेश दानदाताओं को



हतोत्साहित करने वाला है।

उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ रुपए के एमओयू कर निवेशकर्ता/ उद्यमी को तमाम छूट देकर यहां निवेश करवाने का दावा कर रही है। वहीं दूसरी तरफ दान में आने वाले सामान को भी इस्तेमाल करने में अक्षम है। जब सरकार दान में आ रहे सामान को इस्तेमाल करने की क्षमता ही नहीं रख पा रही तो वह निवेशकर्ताओं को छूट देने की क्षमता कहां से लाएगी? गौरतलब है कि स्वास्थ्य निदेशालय ने गुरुवार को एक आदेश जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि सरकारी अस्पतालों, सीएचसी, पीएचसी पर दान में दिए जाने वाले मेडिकल उपकरण व एम्बुलेंस तभी ली जाएगी जब दानदाता उनके 5 साल तक के संचालन का खर्च उठाने के लिए तैयार हों। यही नहीं एम्बुलेंस चलाने के लिए स्टाफ और ड्राइवर के 5 साल तक के वेतन का बंदोबस्त भी दानदाता को ही करना होगा। इस आदेश में एमपी और एमएलए के अधिकारों पर ही कैंची चला दी गई। आदेश में लिखा गया है कि यदि विधायक, सांसद अपने कोष से इन संस्थानों में उपकरण-मशीन प्रदान करते हैं तो इसके लिए उन्हें आरटीपीपी नियमों की पालना करनी आवश्यक होगी। यदि एम्बुलेंस दान में दी जाती है तो उसके लिए वाहन चालक और इंधन के 5 साल तक का खर्च भी उन्हें ही उठाना होगा।

## हिस्ट्रीशीटर की पहले काटी नाक, फिर तोड़ी गर्दन, उतारा मौत के घाट

दौसा। दौसा. मंडावर थाना इलाके के बांदीकुई-मण्डावर मार्ग स्थित निजी कॉलेज के पास देर रात्रि आधा दर्जन बदमाशों ने एक हिस्ट्रीशीटर की मारपीट करते हुए पहले उसकी नाक काटी, गर्दन तोड़ सिर में अनगिनत वार कर मौत के घाट उतार दिया। सूचना पर



पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस ने बताया मृतक युवक हरिसिंह मीणा बालाहेड़ी थाने का हिस्ट्रीशीटर था। इधर हत्या की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन सहित आसपास के क्षेत्र के अनेक रिश्तेदार पुलिस थाने पर एकत्र हो गए। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाने पर बैठे रहे। बाद में पुलिस की समझाइश पर वे मृतक का पोस्टमार्टम करवाने पर राजी हुए।

**तड़पा-तड़पा कर मारा**

बताया जा रहा है कि बदमाशों की एक गैंग ने हिस्ट्रीशीटर हरिसिंह मीणा पर ताबड़तोड़ हमला कर उसे तड़पा तड़पा कर मारा। उसके शरीर पर कई जगह घसीटने के निशान थे। मृतक की नाक काटी गई थी, उसके बाद गर्दन को तोड़ा गया, वहीं सिर में अनगिनत वार किए गए। उसके शरीर के कई अंगों को बुरी तरह क्षत-विक्षत कर दिया।

**छह बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज**

इधर, मृतक युवक के पिता रामखिलाड़ी मीणा ने थाने में 4 नामजद सहित 2 अन्य के खिलाफ पिंटू मीणा उर्फ हरिसिंह मीणा निवासी ग्वारकी थाना बालाहेड़ी की हत्या करने का मामला दर्ज करवाया है। थानाधिकारी प्रवीण मीणा ने बताया कि मृतक के पिता ने छह बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। मौके पर पहुंची एफएसएल टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। मृतक के दो पुत्र और एक पुत्री है।

## 2700 करोड़ की ठगी के मामले में ईडी का शिकंजा, 4 शहरों में छापे मारे, 2.04 करोड़ कैश जब्त

देश की पहली ग्रीनफील्ड स्मार्ट सिटी धोलेरा के नाम पर दो भाइयों ने ऐसा जाल बुना कि 70 हजार लोगों की जिंदगी से सेविंग खाली हो गई। यह एक सुनियोजित फ्रॉड था, जिसमें देश के पूर्व सैनिक, पुलिसकर्मी और आम नागरिक अपने लाखों-करोड़ों रुपये गंवा बैठे। ईडी की ताजा छापेमारी के बाद यह 2700 करोड़ का मनी लॉन्ड्रिंग केस फिर चर्चा में आ गया है। इस हाई-प्रोफाइल ठगी के मास्टर माइंड हैं सीकर जिले के पनलावा गांव के दो सगे भाईङ्क सुभाष बिजारणियां और रणवीर बिजारणियां। सुभाष सेना से रिटायर हुए थे। उन्होंने रियल एस्टेट में कदम रखते हुए रणवीर के साथ 2021 में नेक्सा एवरग्रीन नाम की कंपनी बनाई। दावा किया गया कि उनकी कंपनी धोलेरा स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट का हिस्सा है और उनके पास वहां 1300 बीघा जमीन है।

कंपनी ने फ्लैट, प्लॉट और पूंजी निवेश पर शानदार रिटर्न देने का वादा किया। स्मार्ट सिटी के सरकारी सपनों की चमक ने लोगों का भरोसा और बढ़ाया। कंपनी ने एजेंटों का ऐसा नेटवर्क खड़ा किया, जिसमें मोटा कमीशन ऑफर किया गया। देशभर से निवेशक जुड़े और करीब 70 हजार लोगों से 2700 करोड़ रुपए इकट्ठा कर लिए गए। कई एजेंटों ने खुद भी निवेश किया और दूसरों को भी जोड़ते चले गए।



सुभाष ने रिटायरमेंट के बाद मिले 30 लाख रुपयों से जमीन खरीदी। रणवीर ने एक लोकल डीलर राजल जांगिड़ के साथ मिलकर योजना तैयार की। खास बात यह रही कि दोनों भाई पहले खुद एक चेन सिस्टम कंपनी में 50 लाख रुपये गंवा चुके थे। यह नुकसान शायद उनके लिए फॉर्मूला बन गया और उन्होंने खुद का चेन मॉडल खड़ा कर लिया बस इस बार पैकेजिंग और लोकेशन हाई-प्रोफाइल थी।

2023 की शुरुआत में नेक्सा एवरग्रीन अचानक बंद हो गई। निवेशक जब तक कुछ समझ पाते, दोनों भाई गायब हो चुके थे। एजेंटों को भी कोई जानकारी नहीं दी गई। जोधपुर के करवड़ थाने में केस दर्ज हुआ, जिसमें तीन एजेंट मेघसिंह, शक्ति सिंह और सुरेंद्र सिंह जेल में हैं लेकिन मुख्य आरोपी सुभाष और रणवीर अब तक फरार हैं। मामले में अब जाकर 12 जून को ईडी की टीमें सीकर, झुंझुनू, जयपुर और जोधपुर में सक्रिय हुईं। इन जगहों पर मारे गए छापों में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए गए हैं। ईडी अब आरोपी भाइयों की संपत्तियों की तलाश में है और जब्ती की प्रक्रिया भी आगे बढ़ सकती है। इस घोटाले में सबसे दर्दनाक पहलू है कि कई पूर्व सैनिक, पुलिसकर्मी और बुजुर्ग निवेशकों ने अपनी जिंदगी की पूरी कमाई गंवा दी। हजारों लोग अब कोर्ट-कचहरी के चक्कर काट रहे हैं। हालांकि ईडी की सक्रियता से थोड़ी उम्मीद जगी है कि अगर आरोपियों की संपत्तियां जब्त हो पाईं, तो कुछ हद तक रकम रिकवर हो सकती है। नेक्सा एवरग्रीन घोटाला केवल एक फ्रॉड नहीं, बल्कि यह सिस्टम पर भरोसे की हत्या है। एक सपना, जो स्मार्ट सिटी के नाम पर शुरू हुआ और हजारों लोगों को बर्बाद कर गया। अब सबकी नजरें इस बात पर हैं कि क्या कानून उन भाइयों को पकड़ सकेगा, जिनकी वजह से हजारों जिंदगियां बर्बाद हो गईं।

## कमाई के फेर में कर रहे अहमदाबाद विमान हादसे के फर्जी वीडियो वायरल

जयपुर।अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया के विमान हादसे के बाद सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो और तस्वीरें वायरल हो रही हैं। प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) की फैक्ट-चेक टीम ने इन वीडियो को पुराना और असंबंधित बताते हुए लोगों को भ्रमित करने की कोशिश को उजागर किया है। कुछ लोग अपनी फैन फॉलोइंग और व्यूज बढ़ाने के लिए सालों पुराने वीडियो को अहमदाबाद हादसे से जोडकर साझा कर रहे हैं, जिससे जनता में भ्रम फैल रहा है।




सोशल मीडिया पर एक इमारत में लगी आग के वीडियो को अहमदाबाद में हुए विमान हादसे से जोडक़र साझा किया जा रहा है। यह वीडियो वास्तव में दिल्ली के द्वारका स्थित एक इमारत में हुई आगजनी का है। इस वीडियो का अहमदाबाद प्लेन हादसे से कोई लेना देना नहीं है।

**क्रैश होने से पहले का बताया**

सोशल मीडिया पर एक वीडियो को एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 का बताकर साझा किया जा रहा है, जिसमें दावा किया गया है कि यह विमान दुर्घटना से ठीक पहले का दृश्य है। जबकि यह दावा फर्जी है। वायरल वीडियो में एक यात्री को ''एयर इंडिया एक्सप्रेस'' कहते हुए सुना जा सकता है। यह वीडियो एयर इंडिया की फ्लाइट नहीं है। वीडियो 775.3 के व्यू ले चुका है।

**विमान ऊपर गिरा अहमदाबाद में**

एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर इस झूठे दावे के साथ खूब शेयर किया जा रहा है कि यह अहमदाबाद विमान दुर्घटना का है। इसमें उस अस्पताल का हाल ही सीसीटीवी फुटेज है जहां यह घटना हुई थी। जबकि यह वीडियो लेबनान का है यह वीडियो 172.1 के चल चुका है।

**जहाज के अंदर का लाइव वीडियो बताया**

एयर इंडिया की फ्लाइट हादसे से जोडक़र एक वीडियो को शेयर किया जा रहा है, जिसे दुर्घटना से ठीक पहले का बताया जा रहा है। जबकि यह दावा फर्जी है। वायरल हो रहा वीडियो पुराना है और इसका इस हादसे से कोई संबंध नहीं है। इसे जहाज के अंदर का लाइव वीडियो बताया जा रहा है। यह भी 1.3 के चल चुका है।

**ये बरतें सावधानी**

कृपया अफवाहों पर ध्यान न दें। गलत सूचना के झांसे में न आएं। केवल आधिकारिक स्त्रोतों से प्राप्त सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

## जयपुर में महिला से गोल्ड चेन लूटी

जयपुर। जयपुर में एक महिला से गोल्ड चेन लूटने का मामला सामने आया है। खरीदारी करने के लिए महिला मार्केट आई थी। बाइक पर आए तीन बदमाशों ने चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया। जवाहर नगर थाना पुलिस ने सूचना पर नाकाबंदी करवाई, लेकिन बाइक सवार लुटेरों का सुराग नहीं लगा। पुलिस ने बताया- चेन स्नेचिंग की वारदात राजापार्क की गली नंबर-2 की रहने वाली रेणू अग्रवाल (45) के साथ हुई। गुरुवार रात करीब 8=15 बजे वह सर्वानंद मार्केट में सब्जी खरीदने गई थे। ठेले से सब्जी खरीदते समय पीछे से बाइक पर तीन लड़के आए। बदमाशों ने झपट्टा मारकर रेणू के गले से गोल्ड चेन तोड़ ली। शोर मचाकर पीछा करने पर बाइक सवार बदमाश तेजी से आंखों से ओझल हो गए। चेन स्नेचिंग की सूचना पर जवाहर नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने के लिए नाकाबंदी करवाई। पुलिस वारदातस्थल के आस-पास लगे ष्टष्टञ्जङ्क फुटेजों को खंगालने के साथ बाइक सवार लुटेरों की तलाश कर रही है।

## राजस्थान की पहली लैंण्ड पूलिंग योजना का जेडीए अधिकारियों ने किया निरीक्षण

जयपुर, । जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा राजस्थान लैंण्ड पूलिंग योजना अधिनियम-2016 के तहत राज्य की पहली लैंण्ड पूलिंग योजना (शिवदासपुरा, बरखेड़ा, चंदलाई) के विकास कार्य कार्यों के अंतर्गत शनिवार 14 जून, 2025 को अतिरिक्त आयुक्त लैंड पूलिंग के निर्देशन में जोन की टीम, प्रवर्तन अधिकारियों की टीम और लैंड पूलिंग स्कीम की टीम द्वारा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया।

जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने बताया कि जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा राजस्थान लैंण्ड पूलिंग योजना अधिनियम-2016 के तहत राज्य की पहली लैंण्ड पूलिंग योजना (शिवदासपुरा, बरखेड़ा, चंदलाई) का विकास कार्य 29 जनवरी, 2025 से प्रारम्भ किया गया था। यह योजना किसानों/खातेदारों के हितों को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है, जिसमें पहली बार किसानों/ खातेदारों को अवाप्ति के बदले 45 प्रतिशत भूमि देने का प्रावधान किया गया है। इस योजना के अंतर्गत जेडीए के जोन-14 में ग्राम शिवदासपुरा, बरखेडा, चंदलाई में



गुजरात मॉडल की तर्ज पर पहली बार राजस्थान में लैंड पूलिंग योजना का विकास किया जा रहा है।

यह योजना आधुनिक नगर नियोजन का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत करती है, जिसमें सुव्यवस्थित सड़कें, पार्क, और सुविधा क्षेत्रों का विकास किया जाना प्रस्तावित है। इससे न केवल क्षेत्र का समग्र विकास होगा, बल्कि स्थानीय निवासियों को भी बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी।

जेडीए द्वारा समयबद्ध रूप से आगामी कुछ माह में योजना की 18 एवं 24 मीटर की सडकों का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। इस हेतु वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है।

उल्लेखनीय है कि 17-20 जनवरी, 2025 को जविप्रा का एक छः सदस्यीय दल इस योजना के अध्ययन हेतु सूरत (गुजरात) में चल रही लैण्ड पूलिंग सीमा का आधिकारिक दौरा करने गया था। दल का नेतृत्व अतिरिक्त आयुक्त एवं लैंड पूलिंग अधिकारी राजेन्द्र सिंह कविया द्वारा किया गया।

राजस्थान सरकार द्वारा 13 नवंबर, 2024 को ड्राफ्ट स्कीम की अधिसूचना जारी की गई थी, जिसके तहत विकास कार्यों को गति दी जा रही है।

शनिवार को अतिरिक्त आयुक्त लैंड पूलिंग के निर्देशन में जोन की टीम, प्रवर्तन अधिकारियों की टीम और लैंड पूलिंग स्कीम की टीम द्वारा शिवदासपुरा चंदलाई और बरखेड़ा में लैंड पूलिंग स्कीम का निरीक्षण किया गया।

इस निरीक्षण में मुख्य रूप से हो रहे नए अतिक्रमणों और सभी सड़कों के निर्माणों के संबंध में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। इसके साथ ही काश्तकारों / खातेदारों को सड़क पर आगामी बुवाई सीजन में जेडडीपी रोड और सेक्टर रोड में आ रही भूमि पर बुवाई नहीं करने के संबंध में समझाइश की गई।

यह लैंड पूलिंग योजना न केवल किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी, बल्कि यह जयपुर के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## राजस्थान के मंत्री देवासी के बयान पर बवाल-विपक्ष ने ठहराया देशविरोधी, सोशल मीडिया पर मचा हंगामा

जयपुर। राजस्थान सरकार में मंत्री ओटाराम देवासी का एक कथित बयान सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। विपक्ष ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। खुद नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर इस वीडियो को शेयर करते हुए बीजेपी पर देशभक्ति के नाम पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया है।

टीकाराम जूली ने लिखा-देश विरोधी बयान सुनिए... और सोचिए। भाजपा की देशभक्ति की परिभाषा देखिए- हमारे आतंकवादियों ने आकर हमारे नेतृत्व और सेना को मज़बूती देने का काम किया = मंत्री ओटाराम देवासी।

टीकाराम जूली ने अपने पोस्ट में भाजपा पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा सेना पर की जा रही अनर्गल बयानबाजी अत्यंत शर्मनाक और निंदनीय है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यही है भाजपा की देशभक्ति?

**सोशल मीडिया पर उबाल** - देवासी के इस बयान पर लोग सोशल मीडिया पर जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ यूजर्स ने



इसे 'जुबान फिसलने' की संज्ञा दी है, तो कुछ ने सवाल उठाया है कि आखिर कोई मंत्री इस तरह आतंकवादियों के पक्ष में बयान कैसे दे सकता है? ट्विटर, फेसबुक से लेकर व्हाट्सएप ग्रुप्स तक इस बयान की खूब चर्चा हो रही है।

कई यूजर्स ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से इस बयान पर सफाई की मांग की है। एक यूजर ने लिखा- सेना के शौर्य पर इस तरह का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। देवासी जी को माफी मांगनी चाहिए।

**देवासी की सफाई का इंतजार**

फिलहाल इस पूरे मामले पर मंत्री ओटाराम देवासी की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। न तो उन्होंने बयान पर सफाई दी है और न ही मीडिया से इस पर कोई बात की है। भाजपा के राज्य नेतृत्व की ओर से भी अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

कांग्रेस प्रवक्ता स्वप्निल शर्मा ने कहा-यह कोई पहली बार नहीं है, जब भाजपा नेता सेना को लेकर उलटे-सीधे बयान दे रहे हैं। इससे पहले भी कई बार भाजपा नेता ऐसे विवादित बयान दे चुके हैं। आखिर पार्टी नेतृत्व ऐसे नेताओं पर कार्रवाई क्यों नहीं करता?

**भाजपा के लिए असहज स्थिति**-राजस्थान विधानसभा चुनावों के माहौल में भाजपा के लिए यह बयान असहज स्थिति पैदा कर सकता है। विपक्ष इसे देशभक्ति बनाम देशविरोध के बड़े नैरेटिव से जोड़ने की कोशिश कर रहा है।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि ऐसे बयानों से भाजपा की छवि पर असर पड़ सकता है, खासकर तब जब पार्टी खुद को 'राष्ट्रवाद' के सबसे बड़े पैरोकार के रूप में पेश करती है।

**क्या था पूरा बयान?**

जिस बयान को लेकर विवाद हुआ, वह अभी पूरी तरह आधिकारिक रूप से सामने नहीं आया है। सोशल मीडिया पर वायरल क्लिप में देवासी यह कहते सुने जा रहे हैं-

हमारे आतंकवादियों ने आकर हमारे नेतृत्व और सेना को मज़बूती देने का काम किया।

हालांकि इस बयान का संदर्भ क्या था, यह साफ नहीं है। हो सकता है मंत्री का आशय कुछ और रहा हो या यह जुबान फिसलने का मामला हो। लेकिन विपक्ष इसे लपकने में पीछे नहीं रहा।

# पिता-पुत्र का रिश्ता बेजोड़ एवं विलक्षण है

(लेखक- ललित गर्ग )

(अंतर्राष्ट्रीय पिता दिवस- 15 जून, 2025)

**भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों में पिता को देवतुल्य माना गया है। हमारे ग्रन्थों में माता-पिता और गुरु तीनों को ही देवता माना गया है। इनकी सेवा और भक्ति में कसर रह जाए तो फिर ईश्वर की प्राप्ति संभव नहीं। और अगर हमने इनकी सेवा पूरे मन से की तो भगवान स्वयं कच्चे धागे से बंधे भक्त के पीछे-पीछे चल पड़ते हैं। इस दिवस को मनाने के तरीके अलग-अलग हो सकते हैं, परन्तु सभी का मुख्य उद्देश्य यह होता है कि वे अपने पिता के योगदान को न भूलें और उनको अकेलेपन की कमी को महसूस न होने दें। इतिहास में अनेकों ऐसे उदाहरण है कि पिता की आज्ञा से भगवान श्रीराम जैसे अवतारी पुरुषों ने राजपाट त्याग कर वनों में विचरण किया, मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार ने अपने अन्धे माता-पिता को काँवड़ में बैठाकर चारधाम की यात्रा कराई।**

भारतीय संस्कृति में पिता का स्थान आकाश से भी ऊंचा माना गया है, पिता की धर्म है, पिता ही संबल है, पिता ही ताकत है। पिता हर संतान के लिए एक प्रेरणा हैं, एक प्रकाश हैं और संवेदनाओं के पुंज हैं। इसके महत्व को दर्शाने और पिता व पिता तुल्य व्यक्तियों के योगदान को सम्मान देने के लिए हर साल जून महीने के तीसरे रविवार को अंतर्राष्ट्रीय पिता दिवस यानी फादर्स डे मनाया जाता है। इस साल 15 जून 2025 को भारत समेत विश्वभर में यह दिवस मनाया जायेगा। फादर्स डे 2025 का आधिकारिक थीम 'पिता: लचीलेपन का पोषण और भविष्य को आकार देना' है। यह थीम हमारे जीवन में पिताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालती है, जो बच्चों में सकारात्मक भावनाओं और सामाजिक विकास को बढ़ावा देते हैं। दुनिया के अलग-अलग देशों में अलग-अलग दिन और विविध परंपराओं के कारण उत्साह एवं उमंग से यह दिवस मनाया जाता है। यह एक ऐसा दिन है जिसे अपने पिता के सम्मान के लिए मनाया जाता है, साथ ही पितृत्व, पैतृक बंधन और समाज में पिताओं के प्रभाव को भी याद किया जाता है। हिन्दू परंपरा के मुताबिक पितृ दिवस भाद्रपद महीने की सर्वपितृ अमावस्या के दिन होता है। पिता एक ऐसा शब्द जिसके बिना किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। एक ऐसा पवित्र रिश्ता जिसकी तुलना किसी और रिश्ते से नहीं हो सकती। पिता ईश्वर का सबसे अच्छा उपहार हैं। जीवन में कोई भी पिता की जगह नहीं ले सकता। पिता अपनी संतान के सच्चे शुभचिंतक एवं हितैषी होते हैं।

सोनेरा डोड जब नन्हीं-सी थी, तभी उनकी मां का देहांत हो गया। पिता विलियम स्मार्ट ने सोनेरो के जीवन में मां की कमी नहीं महसूस होने दी और उसे मां का भी प्यार दिया। एक दिन यूं ही सोनेरा के दिल में ख्याल आया कि आखिर एक दिन पिता के नाम क्यों नहीं हो सकता? इस तरह 19 जून 1910 को पहली बार फादर्स डे मनाया गया। 1924 में अमेरिकी राष्ट्रपति कैल्विन कोली ने फादर्स डे पर अपनी सहमति दी। फिर 1966 में राष्ट्रपति लिंडन जानसन ने जून के तीसरे रविवार को फादर्स डे मनाने की आधिकारिक घोषणा की। पिता ही बच्चों की सुरक्षा, विकास व समृद्धि के बारे में सोचते हैं। बावजूद बच्चों द्वारा पिता की लगातार उपेक्षा, दुर्व्यवहार एवं प्रताड़ना की स्थितियों बढ़ती जा रही है, जिन पर नियंत्रण के लिये इस दिवस की विशेष उपयोगिता एवं प्रासंगिकता है। मानवीय रिश्तों में दुनिया में सबसे बड़ा स्थान मां को दिया जाता है, लेकिन एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। पिता नीम के पेड़ जैसा होता है उसके पत्ते भले ही कड़वे होते हैं पर वो छाया ठंडी देता है। पिता और बच्चों का रिश्ता इस दुनिया में सबसे अलग होता है। एक तरफ पिता बच्चों को डांटते हैं, तो दूसरी तरह बच्चों से बेहद प्रेम भी करते हैं। पिता अपने बेटे की चोट पर व्यथित तो होता है लेकिन उसे बेटे के सामने मजबूत बने रहना है। ताकि बेटा उसे देख कर जीवन की समस्याओं से लड़ने का पाठ सीखे, सख्त एवं निडर बनकर जिंदगी की तकलीफों का सामना करने में सक्षम हो।

भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों में पिता को देवतुल्य माना गया है। हमारे ग्रन्थों में माता-पिता और गुरु तीनों को ही देवता माना गया है। इनकी सेवा और भक्ति में कसर रह जाए तो फिर ईश्वर की प्राप्ति संभव नहीं। और अगर हमने इनकी सेवा पूरे मन से की तो भगवान स्वयं कच्चे धागे से बंधे भक्त के पीछे-पीछे चल पड़ते हैं। इस दिवस को मनाने के तरीके अलग-अलग हो सकते हैं, परन्तु सभी का मुख्य उद्देश्य यह होता है कि वे अपने पिता के योगदान को न भूलें और उनको अकेलेपन की कमी को महसूस न होने दें। इतिहास में अनेकों ऐसे उदाहरण है कि पिता की आज्ञा से भगवान श्रीराम जैसे अवतारी पुरुषों ने राजपाट त्याग कर वनों में विचरण किया, मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार ने अपने अन्धे माता-पिता को काँवड़ में बैठाकर चारधाम की यात्रा कराई। फिर क्यों आधुनिक समाज में पिता और उनकी संतान के बीच दूरियां बढ़ती जा रही है। आज के पिता समाज-परिवार से कटे रहते हैं और सामान्यत: इस बात से सर्वाधिक दु:खी है कि जीवन का विशद अनुभव होने के बावजूद कोई उनकी राय न तो लेना चाहता है और न ही उनकी राय को महत्व देता है। समाज में अपनी एक तरह से अहमियत न समझे जाने के कारण हमारे पिता दु:खी, उपेक्षित एवं त्रासद जीवन जीने को विवश है। पिता को इस दु:ख और कष्ट से छुटकारा दिलाना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। माँ ममता का सागर है पर पिता उसका किनारा है। माँ से ही बनता घर है पर पिता घर का सहारा है। माँ से स्वर्ग है माँ से बैकुंठ, माँ से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पिता ही है। उन्हीं पिता के सम्मान में पितृ दिवस मनाया जाता है। आधुनिक समाज में पिता-पुत्र के संबंधों की संस्कृति को जीवंत बनाने की अपेक्षा है।



हर पिता अपने पुत्र की निषेधात्मक और दुष्प्रवृत्तियों को समाप्त करके नया जीवन प्रदान करता है। वरुण जल का देवता होता है। जैसे जल वस्त्र आदि के मैल को दूर करता है, वैसे ही पिता पुत्र की मानसिक कलुषता को दूर कर सद्संस्कारों का बीजारोपण करता है एवं उसके व्यक्तित्व को नव्य और स्वच्छ रूप प्रदान करता है। चन्द्रमा सबको शांति और अह्लाद प्रदान करता है, वैसे ही पिता की प्रेरणाएं पुत्र को मानसिक प्रसन्नता और परम शांति देती है। जैसे औषधि दुख, दर्द और पीड़ा का हरण करती है, वैसे ही पिता शिव शंकर की भांति पुत्र के सारे अवसाद और दुखों का हरण करते हैं। पय का अर्थ है-दूध। जैसे माता का दूध पुष्टि प्रदान करता है, वैसे ही पिता पुत्र के आत्मिक बल को पुष्ट करते हैं। मेरे लिये मेरे पिता स्व. श्री रामस्वरूपजी गर्ग देवतुल्य एवं गहन आध्यात्मिक-धार्मिक जीवट वाले व्यक्तित्व थे।

उनकी जैसी सादगी, उनकी जैसी सरलता, उनकी जैसा समर्पण, उनकी जैसी धार्मिकता, उनकी जैसी पारिवारिक नेतृत्वशीलता और उनकी जैसी संवेदनशीलता को जीना दुर्लभ है। उन्होंने परिवार एवं समाज को समृद्धशाली और शक्तिशाली बनाने की दृष्टि से उल्लेखनीय कार्य किया। मेरे लिये तो वे आज भी दिव्य ऊर्जा के केन्द्र हैं। मेरे पिता मेरे आदर्श हैं, मेरे पिता संघर्ष की आंधियों में हौंसलों की उड़ान रहे तो आत्मविश्वास की दीवार रहे।

पिता आंसुओं और मुस्कान का एक समुच्चय है, जो बेटे के दुख में रोता तो सुख में हंसता है। उसे आसमान छूता देख अपने को कद्दावर मानता है तो राह भटकते देख अपनी किस्मत की बुरी लकीरों को कोसता है। पिता गंगोत्री की वह बूंद है जो गंगा सागर तक एक-एक तट, एक-एक घाट को पवित्र करने के लिए धोता रहता है। पिता वह आग है जो घड़े को पकाता है, लेकिन जलाता नहीं जरा भी। वह ऐसी चिंगारी है जो जरूरत के वक्त बेटे को शोले में तब्दील करता है। वह ऐसा सूरज है, जो सुबह पक्षियों के कलरव के साथ धरती पर हलचल शुरू करता है, दोपहर में तपता है और शाम को धीरे से चांद को लिए रास्ता छोड़ देता है। पिता वह पूनम का चांद है जो बच्चे के बचपने में रहता है, तो धीरे-धीरे घटता हुआ क्रमश: अमावस का हो जाता है। पिता समंदर के जैसा भी है, जिसकी सतह पर असंख्य लहरें खेलती हैं, तो जिसकी गहराई में खामोशी ही खामोशी है।

चखने में भले खारा लगे, लेकिन जब बारिश बन खेतों में आता है तो मीठे से मीठा हो जाता है। बचपन में चॉकलेट, खिलौने दिलाने से लेकर युवावर्ग तक बाइक, कार, लैपटॉप और उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजने तक संतान की सभी माँगों को पिता ही पूरा करते रहते हैं लेकिन एक समय ऐसा आता है जब भागदौड़ भरी इस जिंदगी में बच्चों के पास अपने पिता के लिए समय नहीं मिल पाता है। इसी को ध्यान में रखकर पितृ दिवस मनाने की परंपरा का आरम्भ हुआ।

संपादकीय

## हमले से पस्त ईरान

सुनियोजित व ठोस खुफिया जानकारियों के साथ इस्राइल ने ईरान के परमाणु ठिकानों व शीर्ष सैन्य अधिकारियों पर बड़े सधे हमले किए हैं। ईरान के नतान्ज स्थित मुख्य परमाणु संवर्धन केंद्र को भी निशान बनाया गया। शुक्रवार की सुबह इस्राइल ने 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' के जरिये वायु रक्षा प्रणाली व मिसाइलों को ध्वस्त करते हुए ईरान के हवाई क्षेत्र में सैकड़ों लड़ाकू जहाजों के जरिये भारी तबाही मचायी। इस्राइली खुफिया एजेंसी मोसाद की बड़ी भूमिका वाले इस ऑपरेशन के जरिये न केवल ईरान की मिसाइल क्षमता को कमजोर किया बल्कि हवाई रक्षा प्रणाली को भी बेअसर किया। जिसके बाद इस्राइली एयरफोर्स ने ताबड़तोड़ हमलों से ईरानी वायुक्षमता को बेदम कर दिया। लंबी खुफिया तैयारी के साथ इस्राइल ने ईरान के भीतर विस्फोटक ड्रोन बेस स्थापित किए और शुक्रवार तड़के इन ड्रोन ने ईरान के सैन्य ठिकानों में तबाही मचा दी। जिससे ईरान को भारी नुकसान उठाना पड़ा। इस्राइल ने ईरान के सुरक्षा प्रतिष्ठानों, सैन्य अधिकारियों और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े वैज्ञानिकों व प्रमुख लोगों पर लंबी तैयारी के बाद सटीक हमले किए। कई बड़े अधिकारियों को उनके घरों में ही मार दिया गया। दरअसल, इस्राइल का मानना था कि ईरान परमाणु हथियार बनाने के करीब है। यहां तक कि परमाणु कार्यक्रम की निगरानी करने वाली संस्था आईएईए ने स्पष्ट शब्दों में ईरान पर परमाणु अप्रसार समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था। हमले में सेना प्रमुख के अलावा ईरानी सेना की सबसे ताकतवर शाखा रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर हौसेन सलामी को भी मार डाला गया। हमले में न केवल यूरेनियम संवर्धन प्रतिष्ठान पर हमला किया गया, बल्कि कई परमाणु वैज्ञानिकों को भी मार दिया गया। ईरान ने इस्राइल पर नागरिक ठिकानों पर हमला करने के आरोप लगाए। उत्तर पूर्वी ईरान के अलावा नतांज परमाणु केंद्र पर भी धमाके सुने गए। जहां इस्राइल इन हमलों को अपने अस्तित्व को बचाने की कार्रवाई बता रहा है, वहीं ईरान जवाबी कार्रवाई कर शीघ्र बदला लेने की बात कर रहा है। वहीं दूसरी ओर इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान को चेताया है कि जब तक ईरान की ओर से खतरे की आशंका खत्म नहीं हो जाती, ये हमले आगे भी जारी रहेंगे। दरअसल, इस्राइल का मानना रहा है कि ईरान संवर्धित यूरेनियम से परमाणु हथियार बनाने के करीब है, जो उसके अस्तित्व के लिये चुनौती है। इस्राइल ने ईरान पर उसके क्षेत्र में सैकड़ों ड्रोन दागने के भी आरोप लगाये हैं। वहीं दूसरी ओर ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने अमेरिका व इस्राइल को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। दूसरी ओर ईरान के सरकारी मीडिया ने इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स कोर के कमांडर इन चीफ हौसैन सलामी सहित पांच शीर्ष सैन्य अधिकारियों की मौत की बात स्वीकारी है। साथ ही दो महत्वपूर्ण परमाणु वैज्ञानिकों के मारे जाने की पुष्टि की गई है। दरअसल, ईरान अमेरिका व इस्राइल के दावों को खारिज करते हुए कहता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिये है। जबकि अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की दलील है कि ईरान की बातों पर विश्वास नहीं किया जा सकता। वह संवर्धित यूरेनियम से जुड़े प्रश्नों के तार्किक जवाब नहीं दे पाया है। कहा जा रहा है कि ईरान के गुप्त परमाणु ठिकानों का पता चलने के बाद उसके परमाणु कार्यक्रम की मंशा संदिग्ध बन गई है। उसने संवर्धित यूरेनियम भंडार के बारे में सटीक जानकारी भी नहीं दी। आईएईए की एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि ईरान इतना यूरेनियम संवर्धित कर चुका है कि वह नौ परमाणु बना सकता है।

# अनकहा और अपरिभाषित होता है पिता का प्रेम

(लेखक- विनोद कुमार विक्की)

-(फादर्स डे 15 जून विशेष)

जून माह का तीसरा रविवार पिता के सम्मान प्रेम और योगदान को समर्पित किया गया है। इस वर्ष यह दिवस 15 जून को मनाया जा रहा है। मातृत्व की महत्ता से अभिभूत तथा मदर्स डे के उपदेशों से प्रेरित होने वाली सोनोरा स्मार्ट डोड ने अपने पिता के सम्मान में 19 जून 1910 को वाशिंगटन के स्पोकेन में पहली बार फादर्स डे मनाने की परंपरा का आगाज किया। पितृत्व त्याग और प्रेम को समर्पित इस दिवस को माता के सम्मान में मनाये जाने वाले मदर्स डे का पूरक माना जाता है। स्मार्ट डोड के पिता विलियम जैक्सन स्मार्ट, अमेरिकी गृह युद्ध के एक जांबाज योद्धा थे। पहली पत्नी एलिजाबेथ और दूसरी पत्नी एलेन विक्टोरिया चीक की मृत्यु के उपरांत विलियम ने अकेले पिता के रूप में कठिन परिस्थितियों के बावजूद नवजात शिशु सहित अपने छ: बच्चों के परवरिश की गहन जिम्मेदारी का निर्वाह किया। अपनी संतान के प्रति उनका अटूट प्रेम, संघर्ष और त्याग ही फादर्स डे के पीछे की प्रेरणा बन गया।

इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं कि लौकिक ईश्वर का दर्जा प्राप्त माता-पिता के त्याग, समर्पण और प्रेम को शब्दों एवं समय की परिधि से बांधा नहीं जा सकता। इनके योगदान के प्रति भावनात्मक अभिव्यक्ति के लिए संभवत: संपूर्ण जीवन भी कम पड़ जाए। भाग-दौड़ भरी व्यस्तता और परिवार के मुखिया के लिए अव्यक्त अभिव्यक्ति के बीच जून का तीसरा रविवार यह मौका देता है कि फादर्स डे के बहाने पिता के योगदान और भूमिका का अहसास कर अपने पिता के प्रति प्रेम, सम्मान और आभार को खुल कर व्यक्त कर सकें। फादर्स डे पिता के महत्व को पहचानने और उनके योगदान को सराहने का अवसर देता है। यह विशेष दिवस पारिवारिक बंधन को मजबूत करने में पिता की भूमिका का मार्मिक अहसास कराने के साथ ही पिता और बच्चों के बीच के रिश्ते को और भी प्रगाढ़ करने में मदद करता है। परिवार एवं समाज में पिता की भूमिका और उनके महत्व को बढ़ावा देने के साथ ही उनके योगदान को सराहने का अवसर भी प्रदान करता है।



जून के तीसरे रविवार को फादर्स-डे के रूप में मनाये जाने हेतु अमेरिकी राष्ट्रपति लिंडन बी जॉनसन ने वर्ष 1966 में इसे आधिकारिक मान्यता प्रदान की थी। वर्ष 1972 में राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने फादर्स डे को एक स्थायी राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया। हालांकि सोनोरा स्मार्ट डोड द्वारा प्रारंभ फादर्स-डे मनाये जाने को 1924 में राष्ट्रपति कैल्विन कूलिज ने समर्थन देने की घोषणा की थी, किंतु आधिकारिक तौर पर इसे वर्ष 1966 में ही मान्यता मिल पायी।

पिता के प्रेम को परिभाषित कर पाना काफी मुश्किल है, क्योंकि यह प्रेम अनकहा और अक्सर अल्प व्यक्त होता है, लेकिन इसका प्रभाव बच्चों के जीवन पर गहरा होता है। पिता का प्रेम एक माँ के प्रेम से अलग होता है। यह प्रेम एक मार्गदर्शक प्रकाश है, जो हर बच्चे के लिए प्रेरणा और शक्ति का स्रोत है। परिवार में पिता की भूमिका संरक्षक एवं मार्गदर्शक का होता है। परिवार के लिए आदर्श स्थापित करने वाले पिता से उनकी संतान ज्ञान, शक्ति और साहस प्राप्त करते हैं। मुश्किल समय में सहारा और भावनात्मक शक्ति पिता से प्राप्त होती है। अनुशासन मिश्रित पिता का प्रेम बच्चों को सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है। पिता अपने बच्चों के लिए प्रेरणा का स्रोत होता है। वो हमेशा अपनी मेहनत और समर्पण से उन्हें प्रेरित करते हैं।

पिता अपनी संतान को ना केवल दैहिक और आर्थिक सुरक्षा देता है, बल्कि उन्हें सामाजिक पहचान, प्रतिष्ठा और भावनात्मक समर्थन भी प्रदान करता है। प्रेरणा और मार्गदर्शन तथा जीवन के मूल्यों से परिचय कराते हुए बच्चों में साहस, ज्ञान और आत्मविश्वास उत्पन्न करता है। हालांकि यह एक कड़वा सच है कि अक्सर पिता परिवार की आर्थिक जरूरतों एवं संतान की जरूरत को पूरा करने के लिए परिवार एवं बच्चों को ज्यादा समय नहीं दे पाता है। जिस कारण माता की अपेक्षा पिता का प्रेम प्राय: अव्यक्त और अपरिभाषित ही रह जाता है।

माँ है ममता की फर्श, पिता छत और दीवार होता है
माँ से होता है घर जनाब, तो पिता से संसार होता है।

सरल शब्दों में कहा जाय तो सामाजिक दायित्व और पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहा सामान्य ऊर्जा और साधारण व्यक्तित्व वाला पिता अपने बच्चों के लिए उसके जीवन का आदर्श और उसका सुपर हीरो होता है।

(चिंतन- मनन)

# संत की सीख

एक धनी सेठ ने एक संत के पास आकर उनसे प्रार्थना की, महाराज, मैं आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए साधना करता हूं पर मेरा मन एकाग्र ही नहीं हो पाता है। आप मुझे मन को एकाग्र करने का कोई मंत्र बताएं। सेठ की बात सुनकर संत बोले, मैं कल तुम्हारे घर आऊंगा और तुम्हें एकाग्रता का मंत्र प्रदान करूंगा। यह सुनकर सेठ बहुत खुश हुआ। उसने इसे अपना सौभाग्य समझा कि इतने बड़े संत उसके घर पधारेंगे। उसने अपनी हवेली की सफाई करवाई और संत के लिए स्वादिष्ट पकवान तैयार करवाए। नियत समय पर संत उसकी हवेली पर पधारे। सेठ ने उनका खूब स्वागत-सत्कार किया। सेठ की पत्नी ने मेवों व शुद्ध घी से स्वादिष्ट हलवा तैयार किया था। चांदी के बर्तन में हलवा सजाकर संत को दिया गया तो संत ने फौरन अपना कमंडल आगे कर दिया और बोले, यह हलवा इस कमंडल में डाल दो। सेठ ने देखा कि कमंडल में पहले ही कूड़ा-करकट भरा हुआ है। वह दुविधा में पड़ गया। उसने संकोच के साथ कहा, महाराज, यह हलवा मैं इसमें कैसे डाल सकता हूं। कमंडल में तो यह सब भरा हुआ है। इसमें हलवा डालने पर भला वह खाने योग्य कहां रह जाएगा, वह भी इस कूड़े-करकट के साथ मिलकर दूषित हो जाएगा। यह सुनकर संत मुस्कराते हुए बोले, वत्स, तुम ठीक कहते हो। जिस तरह कमंडल में कूड़ा करकट भरा है उसी तरह तुम्हारे दिमाग में भी बहुत सी ऐसी चीजें भरी हैं जो आत्मज्ञान के मार्ग में बाधक हैं। सबसे पहले पात्रता विकसित करो तभी तो आत्मज्ञान के योग्य बन पाओगे। यदि मन-मस्तिष्क में विकार तथा कुसंस्कार भरे रहेंगे तो एकाग्रता कहां से आएगी। एकाग्रता भी तभी आती है जब व्यक्ति शुद्धता से कार्य करने का संकल्प करता है। संत की बातें सुनकर सेठ ने उसी समय संकल्प लिया कि वह बेमतलब की बातों को मन-मस्तिष्क से निकाल बाहर करेगा।

विचार मंथन

# विश्व युद्ध की आशंका से सहमी दुनिया

(लेखक- सनत जैन )

इसराइल ने ईरान पर बड़ा हमला किया है, जिसमें करीब 78 ईरानी नागरिक मारे गए जबकि 350 से अधिक लोग घायल हो गए। ईरान के संभावित परमाणु ठिकानों पर इसराइल के हमले के बाद सारी दुनिया सहम गई है। दुनिया भर के शेयर बाजारों में जबरदस्त गिरावट देखने को मिली है। कच्चे तेल के दाम में भारी तेजी देखने को मिली, सोने और चांदी का कारोबार भी तेजी के साथ हुआ। दुनिया भर के बाजारों में हड़कंप मच गया। सबसे ज्यादा तेजी क्रूड ऑयल के दामों में देखने को मिली। इसके साथ ही ईरान के साथ युद्ध शुरू होने की दशा में दुनिया के देशों में 40 फ़ीसदी से ज्यादा जो कच्चे तेल की आपूर्ति होती है, इसके अलावा आयात ओर निर्यात के लिए जिन मार्गों का उपयोग होता है, निश्चित रूप से उसमें व्यवधान उत्पन्न होगा। इसका असर दुनिया के देशों में पड़ना तय माना जा रहा है। इस कारण वैश्विक स्तर पर अफरा- तफरी का माहौल बन गया है। इसराइल के द्वारा किए गए हमले के जवाब में ईरान ने 150 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जिसमें इसराइल के 2 लोगों की मौत जबकि 90 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर है। इसी के साथ ईरान ने अपने यहां लाल झंडा फहरा दिया है, जो युद्ध का संकेत है। वैश्विक स्तर पर जो नई स्थितियां देखने को मिल रही हैं, उसके अनुसार अमेरिका का खुला समर्थन इजरायल के साथ है। खाड़ी के कई देश अमेरिका के साथ खड़े हुए हैं। ऐसी स्थिति में ईरान के समर्थन में चीन-रूस और उत्तर कोरिया आगे आते हुए दिख रहे हैं। वैश्विक स्तर पर जो नया समीकरण बन रहा है, उसमें अमेरिका के सामने रूस और चीन डटकर खड़े हो गए हैं। उनका समर्थन ईरान के साथ देखने को मिल रहा है। इस स्थिति में यदि युद्ध होता है तो यह युद्ध बहुत विनाशकारी होगा। इसे अभी से तीसरे विश्व युद्ध की आशंका के रूप में देखा जा रहा है। अमेरिका की यह चेतावनी कि ईरान न्यूक्लियर डील अमेरिका के साथ करे या तबाही के लिए तैयार हो जाए। एक तरह से अमेरिका ने ही इसराइल को हमले के लिए शह दी है। 75 साल बाद परमाणु ठिकानों पर हमला किया गया है। इसके बाद सारी दुनिया के देश दो हिस्सों में बंटने के लिए मजबूर हो जाएंगे। इसराइल और ईरान के बीच में युद्ध शुरू होने पर अमेरिका के नेतृत्व में दुनिया के कई देश एकजुट होंगे, वहीं चीन और रूस के नेतृत्व में ईरान के समर्थन में कई देश सामने आएंगे। ऐसी स्थिति में तृतीय विश्व युद्ध की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है, जो बड़े विनाशकारी परिणाम सामने ला सकता है। इसराइल ने परमाणु स्थलों पर हमला करके अब ईरान, चीन और रूस जैसे देशों को जवाबी हमले के लिए मौका दे दिया है। युद्ध बढ़ने की दशा में चीन और रूस भी ईरान के समर्थन में परमाणु हथियारों का उपयोग कर सकेंगे। अब इसे रोक पाना संभव नहीं होगा। इसराइल और अमेरिका ने जो गलती की है उसको लेकर भारी तबाही की संभावना दिखने लगी है। ईरान ने जिस तरह से जवाबी हमले शुरू किए हैं उससे इतना स्पष्ट हो गया है कि वह अमेरिका से दबने वाला नहीं है। ईरान की मदद के लिए जिस तरह से चीन और रूस ने मदद की पेशकश की है उसके कारण तृतीय विश्व युद्ध की आशंका सभी के मन में उत्पन्न होने लगी है। अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रंप जिस तरह से तुगलगी फैसला ले रहे हैं, वह सारी दुनिया के देशों को धमकाने में लगे हुए हैं। इसराइल और गाजा के बीच में चल रहे युद्ध को रोकने के लिए वैश्विक संस्थाओं द्वारा जो प्रयास किए गए वह सारे विफल साबित हुए। इसराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहु वैश्विक संस्थाओं की किसी बात को नहीं मान रहे। गाजा में जिस तरह से इसराइल ने नरसंहार किया है, उसकी सारी दुनिया में निंदा हो रही है। यह भी कहा जा रहा है, कि इसराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहु इन दिनों अपनी सत्ता को बचाए रखना चाहते हैं, जिसके कारण उन्होंने जानबूझकर ईरान के ऊपर हमला किया है। इसराइल में आपातकाल की घोषणा की गई है ताकि वह अपनी कुर्सी को बचाए रख सकें। बहरहाल जिस तरह की स्थिति बनने लगी है उसको देखते हुए वैश्विक मंदी, महंगाई, बेरोजगारी और युद्ध के कारण खाने-पीने और दैनिक उपयोग में आने वाले सामानों को लेकर भी दुनिया के देशों में चिंता देखने को मिलने लगी है। आगे क्या होगा यह कुछ कहा नहीं जा सकता है, लेकिन एक अभाव जो स्पष्ट रूप से दिख रहा है, संयुक्त राष्ट्र संघ, सुरक्षा परिषद, रेड-क्रॉस जैसी संस्थाएं वह भूमिका अदा नहीं कर पा रही हैं जो कुछ दशक पहले तक करती थीं।

### आईसीआईसीआई बैंक और टाटा मेमोरियल सेंटर ने विशाखापट्टनम में

# उन्नत कैंसर केयर ब्लॉक की आधारशिला रखी

● आईसीआईसीआई बैंक ने शहर में कैंसर देखभाल सुविधा का विस्तार करने के लिए टाटा मेमोरियल सेंटर को ?550 करोड़ से अधिक की राशि देने की प्रतिबद्धता जताई ● बैंक द्वारा टाटा मेमोरियल सेंटर को दिए गए 1,800 करोड़ के योगदान के तहत, यह ब्लॉक पूर्वी भारत में बाल और रक्त कैंसर के उपचार के लिए सबसे बड़ी सुविधाओं में से एक होगा

**विशाखापट्टनम , एजेंसी।** आईसीआईसीआई बैंक ने टाटा मेमोरियल सेंटर के साथ साझेदारी में आज विशाखापट्टनम, आंध्र प्रदेश स्थित होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र में एक नए भवन के निर्माण की शुरुआत की घोषणा की। बैंक ने लगभग 3.9 लाख वर्गफुट क्षेत्र में अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीक से युक्त भवन के निर्माण के लिए ?550 करोड़ से अधिक की राशि समर्पित की है।

निर्माणाधीन आठ मंजिला भवन – आईसीआईसीआई फाउंडेशन ब्लॉक फॉर चाइल्ड एंड ब्लड कैंसर – प्रति वर्ष लगभग 3,000 मरीजों का उपचार करेगा। वर्तमान में एचबीसीएचआरसी, विशाखापट्टनम की क्षमता 6,200 मरीजों की है।

यह नया भवन पूर्वी भारत के सबसे बड़े विशेषीकृत कैंसर उपचार केंद्रों में से एक होगा, जिसमें 215 से अधिक बेड होंगे। इसके 2027 तक पूर्ण होने की संभावना है, जो अनुमोदनों के अधीन है। इस परियोजना का संचालन आईसीआईसीआई बैंक की सीएसआर शाखा, आईसीआईसीआई फाउंडेशन फॉर इनक्लूसिव ग्रोथ द्वारा किया जाएगा।




इस भवन की आधारशिला आईसीआईसीआई बैंक के चेयरमैन श्री प्रदीप कुमार सिन्हा ने रखी। इस अवसर पर श्री संदीप बत्रा, कार्यकारी निदेशक, आईसीआईसीआई बैंक; और डॉ. सुदीप गुप्ता, निदेशक, टाटा मेमोरियल सेंटर, मुंबई भी उपस्थित थे।

श्री सिन्हा ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में एन.के. राव ऑडिटोरियम का भी उद्घाटन किया। आईसीआईसीआई फाउंडेशन ने नए ऑडिटोरियम के लिए बुनियादी ढांचे और उपकरणों के साथ टीएमसी को सपोर्ट दिया है।

आईसीआईसीआई बैंक के चेयरमैन श्री प्रदीप कुमार सिन्हा ने कहा, हमें कैंसर देखभाल के लिए टीएमसी के साथ साझेदारी करने पर गर्व है, जो देश में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की हमारी फिलोस्फी के अनुरूप है। यह परियोजना जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए सुलभ और उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा देखभाल को सक्षम करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह प्रोजेक्ट बाल और रक्त कैंसर के लिए पूर्वी गलियारे में सबसे बड़े प्रोजेक्ट में से एक है। इसके जरिये आंध्र प्रदेश और आसपास के पूर्वी राज्यों के रोगियों की सेवा की जाएगी, जिससे कैंसर के इलाज की बढ़ती ज़रूरत को पूरा करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर, आईसीआईसीआई बैंक के कार्यकारी निदेशक श्री संदीप बत्रा ने कहा, आईसीआईसीआई बैंक में, स्वास्थ्य सेवा हमारे सीएसआर प्रयासों का एक प्रमुख हिस्सा है। दो वर्ष पूर्व हमने टाटा मेमोरियल सेंटर के साथ साझेदारी कर 1,200 करोड़ की प्रतिबद्धता के साथ विशाखापट्टनम, नवी मुंबई और न्यू चंडीगढ़ में तीन नए कैंसर ब्लॉक्स के निर्माण की घोषणा की थी। टीएमसी की नवीनतम आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अब हमने इस प्रतिबद्धता को ?1,800 करोड़ तक बढ़ा दिया है।

## तनाएरा पहली बार साड़ियों पर लेकर आई 40 फीसदी छूट

**भोपाल।** टाटा की प्रोडक्ट तनाएरा ने वित्तीय वर्ष 25 में 930 फीसदी बढ़ोतरी दर्ज की और वित्तीय वर्ष 26 में भी शानदार शुरूआत की है। अपने उपभोक्ताओं को शादी-ब्याह की खरीददारी का बेजोड़ अनुभव प्रदान करते हुए तनाएरा विकास के इन रूझानों को लगातार जारी रखे हुए है। इसी क्रम में ब्राण्ड देश भर में अपनी पहली सेल लेकर आई है, जिसके तहत शुद्ध एवं प्राकृतिक फैब्रिक से बने परिधानों की सभी कैटेगरीज़- साड़ियों, रैडी-टू-वियर एन्सेम्बल्स, अनस्टिच्ड कुर्ता सेट और फेस्टिव लहंगा पर 40 फीसदी तक की छूट की घोषणा की गई है। देश के 41 शहरों में 80 स्टोर्स के नेटवर्क के साथ तनाएरा ने उपभोक्ताओं के पसंदीदा एथनिक वियर डेस्टिनेशन के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत बना लिया है। त्योहारों की शुरूआत के साथ इस सेल की घोषणा से उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं प्रमाणित फैब्रिक से बने प्रोडक्ट्स खरीदने का मौका मिलेगा, ऐसे में वे तनाएरा के विशेष डिज़ाइनों के साथ-साथ बेजोड़ कीमतों पर खरीददारी का भी अनुभव पा सकेंगे।इस अवसर पर श्री सोमप्रभ कुमार सिंह, चीफ़ सेल्स एण्ड मार्केटिंग ऑफिसर ने कहा, ''हम पहली बार इतनी व्यापक रेंज पर छूट के ऑफर लेकर आए हैं, जहां हमारे प्रोडक्ट्स 40 फीसदी तक के डिस्काउन्ट पर उपलब्ध हैं। इस ऑफर के साथ-साथ हमारे उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं समृद्ध प्रोडक्ट्स तो मिलते ही हैं, जिनके लिए तनाएरा को जाना जाता है। प्रमाणित स्रोतों से खरीदे गए हस्तनिर्मित उत्पादों की व्यापक रेंज तथा हर पीस में शुद्धता एवं गुणवत्ता के वादे के साथ हम अपने समझदार उपभोक्ताओं को सही मायनों में खास अनुभव प्रदान करना चाहते हैं।'

## अल्पेनलिबे ने भारत का पहला लिक्विडचोको से भरा पॉप लॉन्च किया!

मुंबई, एजेंसी। अल्पेनलिबे एक्लेयर्स लंबे समय से घर-घर में पसंदीदा रहा है, जो अपने सिग्नेचर रिच, लिक्विड चोको जैसेसेंटर के लिए जाना जाता है – आनंद की वह पहचान जिसे उपभोक्ता पसंद करते हैं और इसकी उम्मीद करते हैं। इसी प्रतिष्ठित अनुभव को आगे बढ़ाते हुए, अल्पेनलिबे अब अल्पेनलिबे एक्लेयर्स पॉप लॉन्च कर रहे हैं, जिसमें उसी चोको जैसे आनंद को बिल्कुल नए रूप मे पेश किया गया




है। यह चोको जैसेलिक्विड से भरा भारत का पहला लॉलीपॉप है। सिर्फ़ ?5 में, एक्लेयर्स पॉप प्रीमियम स्वाद का अनुभव कराता है – जिसका बाहरी हिस्सा परिचित चबाने वाले कैरेमल है, तो वहीं इसके मध्य मे समृद्ध चोको जैसे स्वाद है। यह एक बहुत पसंद किए जाने वाले फॉर्मेट को सुविधाजनक, चलते-फिरते प्रारूप में लाता है। इसे किशोरों और युवा वयस्कों के लिए कभी भी, कहीं भी अपनी लालसा को संतुष्ट करने के लिए तैयार किया गया है। चाहे आप इसे धीरे-धीरे चखें या एक बार में ही चबा जाएं, एक्लेयर्स पॉप रोज़ाना की स्नैकिंग को शुद्ध चोको जैसे आनंद में बदल देता है। परफ़ेटी वैन मेले इंडिया की मार्केटिंग डायरेक्टरगुंजन खेतान ने कहा, अल्पेनलिबे एक्लेयर्स पॉप के साथ, हमारा उद्देश्य एक बहुत पसंद किए जाने वाले अनुभव को एक नए, सुविधाजनक प्रारूप में विस्तार देना था। हम जानते हैं कि एक्लेयर्स के चोको जैसे सेंटर को कितना पसंद किया जाता है – और यह उत्पाद हर तरह से उस आनंद को आगे बढ़ाता है। किशोर और युवा वयस्क रोजमर्रा के प्रारूपों में भी अधिक समृद्ध, अधिक इमर्सिव ट्रीट की तलाश कर रहे हैं – और एक्लेयर्स पॉप बस यही है। कोई ट्विस्ट नहीं, बल्कि जो वे पहले से ही पसंद किया जाता है, उसी का यह स्वाभाविक विकास है।

## यूएस क्रैनबेरीज़ के साथ बच्चों को गर्मियों में रखें हाइड्रेटेड और हेल्दी

मुंबई, एजेंसी। जैसे-जैसे गर्मी का पारा चढ़ता जा रहा है, बच्चों को हाइड्रेटेड और स्वस्थ रखना हर माता-पिता की प्राथमिकता बन गया है। इस मौसम में पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन एक आम समस्या है, जो अक्सर बच्चों में अपच, दस्त, पेट फूलना और पेट दर्द जैसी पाचन से जुड़ी तकलीफों का कारण बनती है। प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. इमरान पटेल बताते हैं कि अत्यधिक खेलकूद, पसीना, कम पानी पीना और फाइबर व पोषण से रहित डाइट बच्चों की आंतों के स्वास्थ्य को प्रभावित करती



है। इन सभी कारणों से आंतों में मौजूद अच्छे बैक्टीरिया—जिसे गट फ्लोरा कहा जाता है—का संतुलन बिगड़ जाता है, जिससे गर्मियों में बच्चों को पाचन संबंधी समस्याएं होने लगती हैं, वे समझाते हैं।

इस मौसमी चुनौती से निपटने के लिए डॉ. पटेल बच्चों की डेली डाइट में स्क्रैनबेरीज़ शामिल करने की सलाह देते हैं। स्क्रैनबेरीज़ में प्राकृतिक रूप से एंटीऑक्सिडेंट्स और डाइटरी फाइबर प्रचुर मात्रा में होते हैं, जो पाचन में मदद करते हैं और गट फ्लोरा को फिर से संतुलित करने में सहायता करते हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि इनका खट्टा-मीठा स्वाद बच्चों को बेहद पसंद आता है, वे बताते हैं।

### रॉयल कॉलेज ऑफ आर्ट की स्नातक सोनाक्षी ने पेश किया 'ज़ात' - महिलाओं की अनकही कहानियों को धातु और यादों से उकेरने वाली मूर्तिकला प्रदर्शनी

नई दिल्ली। ब्रिटिश काउंसिल, कस्तूरबा गांधी मार्ग की गैलरी में ज़ात प्रदर्शनी पेश की जाएगी, जो सोनाक्षी की एक गहरी और प्रभावशाली मूर्तिकला कृति है। यह प्रदर्शनी मां-बेटी की पीढ़ियों की यादों को पारिवारिक चीज़ों, धातु और उनके अर्थों के ज़रिए सामने लाती है। यह प्रदर्शनी 11 जून से 31 जुलाई 2025 तक स्टडी यूके- क्रिएटिव कनेक्शन्स सेकंड के हिस्से के रूप में चलेगी। आगरा में जन्मी और अब लंदन में रहने वाली सोनाक्षी चतुर्वेदी अपनी पेंटिंग, इनैमलिंग और रत्नों की जानकारी को मिलाकर यह सवाल उठाती हैं कि महिलाओं की कहानियां कैसे याद रखी जाती हैं—या जानबूझकर भुला दी जाती हैं। यह प्रदर्शनी दुल्हन, मां और दादी जैसे पारंपरिक रोल्स पर सवाल उठाती है और भारतीय उपमहाद्वीप की हस्तकला परंपराओं में छिपी अनकही इच्छाओं को उजागर करती है। 2024 में मशहूर रॉयल कॉलेज ऑफ आर्ट से ज्वैलरी और मेटल में एमए पूरा करने वाली सोनाक्षी नई पीढ़ी की कलाकार हैं, जो पुरानी हस्तकला को आधुनिक कला के साथ जोड़ रही हैं। रत्न विशेषज्ञ होने के साथ-साथ इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर द आर्ट्स (संस्कृति मंत्रालय) में शोधकर्ता के रूप में उनका अनुभव उन्हें दक्षिण एशियाई समाजों में गहनों और विरासत के सांस्कृतिक मायने समझने की गहरी समझ देता है।

# भारत-ईयू व्यापार समझौते में प्रगति

### विदेश नीति पर जयशंकर ने कही यह बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत यूरोपीय संघ के साथ अपने संबंधों को उच्च प्राथमिकता देता है। यह बात विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को यह टिप्पणी की। जर्मन मार्शल फंड (जीएमएफ) फोरम में फाइनेंशियल टाइम्स के ब्रसेल्स ब्यूरो प्रमुख हेनरी फॉय से बातचीत के दौरान जयशंकर ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच मुक्त व्यापार समझौता अच्छी प्रगति पर है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस साल के अंत तक यह समझौता पूरा हो जाएगा। विदेश मंत्री ने द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती पर जोर डाला। यह केवल व्यापार तक सीमित नहीं है बल्कि रक्षा , गतिशिलता, प्रतिभा प्रभाव और शिक्षा जैसे पहलुओं के लिए लाभदायक है।



**यूरोपीय आयोग सदस्यों का भारत दौरा सकारात्मक कदम-** उन्होंने बताया कि जब यूरोपीय आयोग के सदस्य हाल ही में सामूहिक रूप से भारत आए थे, तो यह एक असाधारण और सकारात्मक कदम था। यह हमारे बीच रिश्तों को गहरा करने की मांशा का संकेत है। मुक्त व्यापार समझौता इस संबंध में केंद्र बिंदु है।

**भारत हर परिस्थितियों से निपटने लिए है तैयार-** इस उच्चस्तरीय वार्तालाप सत्र में भारत की विदेश नीति से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इसमें अमेरिका के साथ उसके संबंध पर बात हुई। जयशंकर ने कहा कि भारत के पास परिस्थितियों और चुनौतियों से निपटने की क्षमता है। भारत खुद के बारे में सोच सकता है। हम दुनिया से क्या लाभ उठा सकते हैं, इसके आधार पर निर्णय लेने के लिए तैयार हैं।यूरोप के इतिहास और अनुभवों के साथ इसकी तुलना करते हुए, मंत्री ने कहा कि भारत बदलती भू-राजनीतिक वास्तविकताओं और दृष्टिकोण में उभरने वाले किसी भी ट्रांस-अटलांटिक मतभेद से निपटने का आदी है। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत अमेरिका के साथ अपने संबंधों को उतना ही महत्व देता है, जितना यूरोपीय संघ के साथ देता है। भारत प्रत्येक के साथ उन शर्तों पर व्यवहार करेगा जो दोनों के लिए लाभदायी हो।

# टर्म इंश्योरेंस: समय सीमा से अधिक मायने रखती है सही टाइमिंग

**मुंबई ।** टर्म इंश्योरेंस को आज भी वित्तीय सुरक्षा की सबसे सरल और असरदार नींव माना जाता है। इसमें न बोनस होता है, न निवेश पर रिटर्न–बस एक सीधा और स्पष्ट वादा होता है- अगर पॉलिसी अवधि के दौरान बीमाधारक की मृत्यु होती है, तो उसके परिवार को एकमुश्त राशि मिलेगी। लेकिन अब सवाल सिर्फ यह नहीं रह गया है कि टर्म इंश्योरेंस होना चाहिए या नहीं, बल्कि यह भी महत्वपूर्ण हो गया है कि इसे कब तक रखा जाए।

इस संदर्भ में टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर - अल्टेरनेट और इमर्जिंग चैनल्स, जिलानी बाशा ने कहा, आज के उपभोक्ता टर्म इंश्योरेंस को लेकर अधिक जागरूक और विचारशील हैं। वे अब सामान्य दृष्टिकोण से हटकर, अपनी व्यक्तिगत जरूरतों और जिम्मेदारियों के अनुरूप फैसले ले रहे हैं। वे पूछ रहे हैं कि कवरेज की सही अवधि क्या है, क्यों जरूरी है और किस समय सबसे ज्यादा प्रासंगिक है। यह सोच एक सकारात्मक बदलाव का संकेत है, जहां बीमा अब सिर्फ एक उत्पाद नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बनता जा रहा है।

उन्होंने आगे जोड़ा, लोग अब ऐसे समाधानों की तलाश कर रहे हैं जो न केवल वर्तमान में प्रासंगिक हों, बल्कि भविष्य के जोखिमों से भी सुरक्षा दें। बीमाकर्ता के रूप में हमारी भूमिका अब केवल उत्पाद

TATA AIA LIFE INSURANCE

बेचने तक सीमित नहीं रही, बल्कि सही जानकारी और मार्गदर्शन देना भी उतना ही जरूरी है।

टर्म इंश्योरेंस का मूल्य इसकी लाइफटाइम कवरेज में नहीं, बल्कि उस समयबद्ध सुरक्षा में है जब परिवार को आपकी आमदनी पर सबसे ज़्यादा निर्भरता होती है। सोच-समझकर किया गया चुनाव ही इसे एक स्मार्ट वित्तीय योजना बनाता है।

### एयर इंडिया हादसे के बाद

# बीमा कंपनियों को चुकानी होगी मोटी रकम, बन सकता है नया रेकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान हादसे से बीमा कंपनियों पर बड़ा असर पड़ेगा। यह भारत में अब तक का सबसे महंगा एविएशन इंश्योरेंस क्लेम हो सकता है। जानकारों का कहना है कि बीमा कंपनियों को 120 मिलियन डॉलर (करीब 1000 करोड़ रुपये) से ज्यादा का भुगतान करना पड़ सकता है। इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार इस भुगतान में विमान की कीमत का नुकसान लगभग 80 मिलियन डॉलर हो सकता है। विमान की कीमत को हल लॉस कहा जाता है। यात्रियों को मुआवजा देने में 30 से 50 मिलियन डॉलर और लग सकते हैं। कुछ लोगों का मानना है कि यात्रियों से जुड़े दावे 100 मिलियन डॉलर से भी ज्यादा हो सकते हैं। क्योंकि विमान में कई अमीर लोग सवार थे। इसलिए मुआवजे की राशि बढ़ सकती है।

### किन कंपनियों का बीमा?

टाटा एआईजी इस बीमा पॉलिसी की मुख्य कंपनी थी। न्यू इंडिया एश्योरेंस जैसी अन्य कंपनियों ने भी इसमें हिस्सा लिया था। इस विमान का बीमा लंदन के बाजार में करवाया गया था। इसे ग्लोबल रीइंश्योरेंस प्रोग्राम कहते हैं। इसमें ज्यादातर जोखिम विदेशी बीमा कंपनियों को दिया जाता है। भारत की बीमा कंपनियों जैसे टाटा एआईजी, न्यू इंडिया एश्योरेंस, नेशनल इंश्योरेंस, यूनाइटेड इंडिया, ओरिएंटल और आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल ने 10 प्रतिशत से भी कम जोखिम रखा है। सरकारी रीइंश्योरेंस कंपनी जीआईसी रे के पास रीइंश्योरेंस पर 5 प्रतिशत हिस्सा है।




**अब तक का सबसे बड़ा क्लेम-** एलायंस इंश्योरेंस ब्रोकर्स के एविएशन बिजनेस हेड सौरव बिस्वास ने कहा कि यह किसी भारतीय एयरलाइन से जुड़ा अब तक का सबसे बड़ा दावा होगा।

पहले भारत में विमान हादसे कम ही हुए हैं। साल 2010 में दुबई से आ रहा एक बोइंग 737 विमान मंगलौर में उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसमें 158 लोगों की जान चली गई थी। वहीं साल 2020 में कोझीकोड में हुए एक और हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई थी। बीमा उद्योग के जानकारों के अनुसार, इन दोनों घटनाओं में बीमा कंपनियों ने लगभग 60-70 मिलियन डॉलर का भुगतान किया था।

### प्रति यात्री कितना मुआवजा?

टाटा एआईजी के एक प्रवक्ता ने कहा कि एयर इंडिया के मुख्य बीमाकर्ता होने के नाते, कंपनी स्थिति पर नजर रख रही है। एक बीमा अधिकारी ने बताया कि एयर इंडिया की देनदारी की सीमा 1.5 बिलियन डॉलर तक है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक यात्री के लिए शारीरिक चोट या मृत्यु होने पर लगभग 250,000 डॉलर का मुआवजा दिया जा सकता है।

### क्या कहा जानकारों ने?

जीआईसी रे के सीएमडी रामस्वामी नारायणन ने कहा कि इस घटना से विमान के पूरी तरह से नष्ट होने और लोगों की मृत्यु होने के कारण कई दावे किए जाएंगे। ऐसे नुकसान का असर कई रीइंश्योरेंस कंपनियों पर पड़ता है। क्योंकि विमान बेड़े की नीतियों को अक्सर कई कंपनियों के साथ बांटा जाता है। हालांकि नुकसान की वजह से बीमा की कीमतों पर क्या असर होगा, यह अभी कहना मुश्किल है।

## अविका गौर और उनके मंगेतर मिलिंद ने कलर्स के नए रियलिटी शो के लिए कहा 'हां!'

मुंबई, एजेंसी। क्या आपको बालिका वधू की छोटी आनंदी याद है – वह बाल वधू जिसने उस समय हमारा दिल चुरा लिया था? अब वही अविका गौर पूरी तरह से बड़ी हो चुकी हैं और प्यार में सिर से पांव तक डूबी हुई हैं! टेलीविजन की यह चहेती कलाकार अब उस चैनल पर वापसी कर रही हैं जिसने उन्हें घर-घर का नाम बना दिया था—कलर्स। लेकिन इस बार, वह अकेली नहीं आ रही हैं। इस खास मौके पर उनके साथ हैं उनके मंगेतर और सामाजिक कार्यकर्ता मिलिंद चंदवानी।

यह प्यारा जोड़ा कलर्स के बिल्कुल नए रियलिटी शो 'पति पत्नी और पंगा' में नजर आने वाला है—एक ऐसा शो जो प्यार, हंसी और रिश्तों की जादुई उलझनों का खूबसूरत उत्सव है। अभी हाल ही में जब अविका ने अपने लंबे समय से साथी मिलिंद के साथ रोका सेरेमनी की ड्रीमी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं, तो इंटरनेट पर जैसे भावनाओं की बाढ़ आ गई। फैन्स ने ओं कहकर अपना प्यार जताया और अब समझ में आता है क्यों—वह तो बस एक झलक थी, असली कहानी अब सामने आ रही है। 'पति पत्नी और पंगा' उन छोटे-छोटे लम्हों को उजागर करेगा जो किसी भी रिश्ते को मजबूत बनाते हैं—एक साथ की गई कोशिशें, साझा की गई मुस्कानें, रोज़ाना की छोटी-छोटी जीतें।

## एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस ने कांतार के साथ मिलकर किए अध्ययन के सातवें संस्करण से मिले आंकड़े जारी किए

**मुंबई, एजेंसी।** एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने मार्केटिंग डाटा एवं एनालिटिक्स के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी कंपनी कांतार के साथ मिलकर किए गए अपने महत्वाकांक्षी इंडिया प्रोटेक्शन कोशेंट (आईपीक्यू) अध्ययन के सातवें संस्करण से मिले आंकड़े जारी करने

AXIS MAX LIFE INSURANCE

की घोषणा की है। 25 भारतीय शहरों में करीब 6,360 परिवारों से मिलकर किए गए आईपीक्यू 7.0 से वंचित समुदायों, विशेष रूप से एलजीबीटीक्यूआईए+ समुदाय और कामकाजी महिलाओं के बीच भविष्य की वित्तीय तैयारियों को लेकर बड़ी कमी सामने आई है।

एक्सिस मैक्स लाइफ के सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर प्रशांत त्रिपाठी ने कहा, 'आईपीक्यू 7.0 से मिले नतीजों ने वंचित समुदायों के बीच वित्तीय सुरक्षा में असमानता की की तस्वीर सामने रखी है। एलजीबीटीक्यूआईए+समुदाय का प्रोटेक्शन कोशेंट मात्र 35 और महिलाओं का प्रोटेक्शन कोशेंट 48 पर है, जो दिखाता है कि सिर्फ चाहने से तैयारियां मजबूत नहीं हो जाती हैं। इस अंतर को भरने के लिए उद्योग को भरोसा कायम करने, टार्गेटेड तरीके से जागरूकता लाने और पहुंच बढ़ाने पर फोकस करना होगा। एक्सिस मैक्स लाइफ में हमारा मानना है कि सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी हो गया है कि एक ऐसा समावेशी फाइनेंशियल इकोसिस्टम बनाया जाए, जो सहानुभूति पर आधारित हो और वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के अनुरूप हो।'

**एलजीबीटीक्यूआईए+ समुदाय: इच्छा के बावजूद फाइनेंशियल प्रोटेक्शन में कमी-** एलजीबीटीक्यूआईए+ समुदाय का प्रोटेक्शन कोशेंट स्कोर 35 (0 से 100 के पैमाने पर) रहा है। यह डिजिटल रूप से सतर्क शहरी भारतीयों के 56 के औसत से बहुत कम है, जो इस वर्ग की वित्तीय अनिश्चितता की तस्वीर दिखाता है। एलजीबीटीक्यूआईए+समुदाय का नॉलेज इंडेक्स स्कोर भी 61 है, जो डिजिटल-सैवी अर्बन इंडियंस (डीएसयूआई) के 74 की तुलना में काफी कम है, जो इस समुदाय में जीवन बीमा को लेकर जागरूकता की कमी को दिखाता है।

## हंगामा ओटीटी लेकर आया है डबल रोल वाली नई सस्पेंस थ्रिलर सीरीज 'जुड़वा जाल'

मुंबई, एजेंसी। देश के सबसे प्रमुख एंटरटेन्मेंटप्लैटफ़ॉर्म में शामिल हंगामा ओटीटी ने आज अपनी नई ओरिजनल सीरीज 'जुड़वा जाल' के रिलीज की घोषणा की। यह जबरदस्त सस्पेंस से भरी क्राइम थ्रिलर सीरीज है जिसमें रोचकता, ड्रामा और कदम कदम पर नए मोड़ लेने वाली कहानी है। सीरीज छह एपिसोड की है और हर एपिसोड आपकी उत्सुकता को बढ़ाएगा और आपको अंदर सीरीज को आखिर तक देखने की दिलचस्पी पैदा करेगा। इस सीरीज में दर्शकों को हत्या, चीजों को अलग तरह से दिखाने की कोशिश, धोखे और सच तक पहुंचने की कशमकश देखने को मिलेगी। 'जुड़वा जाल' को बेहद प्रतिभाशाली कलाकारों ने अपने अभिनय से तैयार किया है। इसमें मोनालिसाडबल रोल में नजर आएंगी और उनके साथ अंकित भाटिया, पलक सिंह, कार्तिक जैन अहम भूमिकाओं में होंगे। इस सस्पेंस थ्रिलर की कहानी अनामिका की रहस्यमयी स्थितियों में हुई मौत के इर्द-गिर्द बुनी गई है। अनामिका एक ऐसी लड़की है जिसकी जिंदगी और मौत दोनों एक पहेली की तरह दर्शकों के सामने आती है। क्या उसकी मौत एक्सीडेंट में हुई है या फिर किसी ने उसकी हत्या की है? इंस्पेक्टर कुणाल इस केस को सुलझाने के लिए जब गहराई में जाकर पड़ताल करते हैं, तो शक की तमाम सुई एक ही व्यक्ति की ओर इशारा करती हैं और वो है अनामिका की उससे अलग रहने वाली जुड़वा बहन शुचि।

## पूर्व विधायक हरिओम यादव को जान से मारने की धमकी

फिरोजाबाद (एजेंसी)। सिरसागंज के पूर्व विधायक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता के घर के सामने घूम रहे होटल स्वामी ने पूर्व विधायक को जान से मारने की धमकी दी। विधायक पुत्र द्वारा शिकायती पत्र देने बाद पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को शांति भंग की धारा में निरुद्ध कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया। वहां आरोपित ने हंगामा किया। बाद में जेल भेजा गया। आरोप है कि सुबह एएस लग्जरी होटल के स्वामी अतुल सिकेरा पूर्व विधायक हरीओम यादव के घर के सामने घूम रहे थे। तभी उन्होंने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। विधायक पुत्र विजय प्रताप यादव ने थाने में शिकायती पत्र दिया। इसके बाद पुलिस आरोपित होटल मालिक को पूर्व विधायक के घर के सामने से गिरफ्तार कर लेकर आई। वहां आरो पित के स्वजन और अन्य लोग आ गए। न्यायालय परिसर में आरोपित ने पूर्व विधायक और उनके पुत्र पर हत्या कराने की आशंका जताकर जमकर हंगामा किया। तहसील परिसर में भीड़ एकत्रित हो गई। वहीं आरोपित सिकेरा के भाई आलोक कुमार ने बताया कि पुलिस ने उसके भाई को आगरा के एत्मादपुर से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने बताया कि आरोपित को पूर्व विधायक के आवास के बाहर गाली और धमकी देकर गिरफ्तार किया गया। आरोपित के विरुद्ध कुछ दिन पहले लिखे गये मुकदमे में वारंट तैयार कराए जा रहे हैं।

## मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की साजिश, एनआईए ने मध्य प्रदेश और राजस्थान में छापेमारी की

नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की प्रतिबंधित संगठन हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) की आतंकी साजिश की जांच के लिए मध्य प्रदेश और राजस्थान में छापेमारी की है। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए ने एचयूटी और उसके सदस्यों की गतिविधियों की जांच के तहत भोपाल में तीन और राजस्थान के झालावाड़ में दो स्थान पर छापे मारे है। जांच एजेंसी की ओर से कहा गया हैं कि यह छापेमारी एनआईए द्वारा दर्ज एक मामले के तहत की गई है। एनआईए ने भारत में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे विभिन्न आतंकवादी और कट्टरपंथी समूह और संगठनों को खत्म करने के अपने प्रयासों के तहत मामला दर्ज किया था। बयान में कहा गया है, युवाओं को भारत की लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को उखाड़ फेंकने और शरिया कानून द्वारा शासित इस्लामिक सरकार स्थापित करने के मकसद से हिंसा फैलाने के प्रेरित किया जा रहा था। बयान में कहा गया है कि एनआईए की टीमों ने तलाशी के दौरान डिजिटल उपकरण जब्त किए, जो फोरेंसिक विश्लेषण के लिए भेजे जाएंगे।

## केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर बारिश से बढ़ा ग्लेशियर टूटने का खतरा, सुरक्षा बल तैनात

रुद्रप्रयाग, (एजेंसी)। केदारनाथ धाम की तीर्थयात्रा के दौरान लगातार हो रही बारिश के कारण ग्लेशियर टूटने और भूस्खलन का खतरा मंडराने लगा है। प्रशासन ने हालात को गंभीरता से लेते हुए सभी संवेदनशील ग्लेशियर प्वाइंट पर सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, केदारनाथ पैदल मार्ग में स्थित कुबेर ग्लेशियर और भैरव ग्लेशियर वर्षा के दौरान विशेष रूप से खतरनाक हो जाते हैं। बीते कई दिनों से केदारनाथ क्षेत्र में भारी बारिश हो रही है, जिससे इन ग्लेशियर प्वाइंट्स पर स्थिति और भी अधिक संवेदनशील हो गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने पुलिस बल, वाइएमएफ(युवक मंगल दल फोर्स) और एसडीआरएफ (राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल) के जवानों को इन स्थानों पर तैनात किया है। ये जवान यात्रियों को सुरक्षित मार्ग से आगे बढ़ने में मदद कर रहे हैं और उन्हें सतर्कता बरतने की सलाह भी दी जा रही है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि वे ग्लेशियर प्वाइंट पर अतिरिक्त सावधानी बरतें और प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें। उन्होंने कहा कि 'कुबेर और भैरव ग्लेशियर इलाके में बारिश के समय खतरा अधिक रहता है, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है।' प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुरक्षा के लिए चौबीसों घंटे निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

## जूडो कोच पर यौन उत्पीडन के आरोप– 16 जून को होगी सुनवाई

देहरादून (एजेंसी)। यहां की 19 वर्षीय प्रशिक्षु जूडो खिलाड़ी ने उत्तराखंड के हाईकोर्ट में लगाई अपनी याचिका में कहा है कि वह जूडो-कराटे की राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी है और देहरादून में पिछले सात साल से सविता गुरूंग से प्रशिक्षण ले रही है। आरोप है कि प्रशिक्षक सतीश ने 12 मार्च 2023 को प्रशिक्षण के दौरान अपने फार्म हाउस ले गया, गेट को बंद कर दिया और एक संदेश देने के बहाने कथित तौर पर उसका यौन उत्पीड़न किया। इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 16 जून की तारीख तय की है। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी तथा न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने की। मामले के अनुसार, देहरादून निवासी 19 वर्षीय प्रशिक्षु जूडो खिलाड़ी ने अपनी याचिका में कहा है कि वह जूडो-कराटे की राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी है और देहरादून में पिछले सात साल से सविता गुरूंग से प्रशिक्षण ले रही है। आरोप लगाया गया है कि 2024 में उसे भोपाल में राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण के लिए चुना गया। हालांकि, जूडो खिलाड़ी ने कहा कि उसे भोपाल जाने की अनुमति देने की बजाय सविता गुरूंग ने उसे उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में एक अन्य प्रशिक्षक सतीश शर्मा के पास भेज दिया।याचिका में यह भी आरोप लगाया गया कि 12 मार्च 2023 को प्रशिक्षण के दौरान सतीश शर्मा उसे अपने फार्म हाउस ले गया, गेट को बंद कर दिया और एक संदेश देने के बहाने कथित तौर पर उसका यौन उत्पीड़न किया। जूडो खिलाड़ी ने कहा कि जब उसने इसका विरोध किया तो प्रशिक्षक ने उसे उसका करियर तबाह करने तथा राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने की अनुमति न देने की धमकी दी।

# पीएम मोदी 15 से 19 तक तीन देशों की करेंगे यात्रा, जी-7 में भी लेंगे भाग

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी 15 से 19 जून तक साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया के दौरे पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को इसकी आधिकारिक घोषणा की। इस यात्रा में पीएम मोदी साइप्रस में द्विपक्षीय वार्ता करेंगे, कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और क्रोएशिया में नेताओं से मुलाकात करेंगे।

पीएम मोदी 15 जून को साइप्रस की राजधानी निकोसिया पहुंचेंगे। यह दो दशकों में किसी भारतीय पीएम की साइप्रस की पहली यात्रा होगी। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स के निमंत्रण पर हो रही इस यात्रा में पीएम मोदी राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इसके अलावा वे लिमासोल में व्यापारिक नेताओं को संबोधित करेंगे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक यह यात्रा भारत और साइप्रस के बीच संबंधों को गहरा करने और भूमध्यसागरीय क्षेत्र तथा यूरोपीय संघ के साथ भारत की भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में अहम होगी।

साइप्रस की यात्रा को राजनीतिक और आर्थिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। 2023 में नई दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान शुरू किए गए भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे में साइप्रस को एक संभावित भागीदार के रूप में देखा जा रहा है। साइप्रस के बाद पीएम मोदी कनाडा के अल्बर्टा प्रांत में कनानास्किस में 16-17 जून को आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

कनाडा के पीएम मार्क कार्नी के निमंत्रण पर भारत को इस शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है। यह भारत की लगातार छठी जी-7 भागीदारी होगी, जो देश की बढ़ती वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक हैसियत को दर्शाता है। जी-7 शिखर सम्मेलन में ऊर्जा, एआई और अहम खनिज जैसे वैश्विक मुद्दों पर चर्चा होगी। पीएम मोदी शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र में हिस्सा लेंगे और कई देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। यह यात्रा भारत-कनाडा संबंधों में जो हाल के वर्षों में खालिस्तानी अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के आरोपों के कारण तनावपूर्ण रहे हैं उसमें सुधार के लिए अहम साबित हो सकती है।



इसके बाद पीएम मोदी 18 जून को क्रोएशिया पहुंचेंगे। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की क्रोएशिया की पहली आधिकारिक यात्रा होगी, जो दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर होगी। इस यात्रा में पीएम मोदी उनके साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे और राष्ट्रपति जोरान मिलानोविच से भी मुलाकात करेंगे। क्रोएशिया की यात्रा भारत के यूरोपीय संघ के साथ संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह यात्रा व्यापार और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने पर केंद्रित होगी।

सरकारी बयान के मुताबिक पीएम मोदी के इस दौरे के दौरान भारत और क्रोएशिया के बीच व्यापार, निवेश, विज्ञान, तकनीक, पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा होगी।

## अहमदाबाद विमान हादसे में बाबा रामदेव को नजर आया तुर्की का कनेक्शन

**नई दिल्ली** ।अहमदाबाद में प्लेन क्यों और कैसे क्रैश हुआ इस लेकर जांच शुरू हो गई है। इस बीच योग गुरु बाबा रामदेव ने साजिश की आशंका भी जाहिर की है। उन्होंने जांच की मांग की है कि कहीं तुर्की में इसकी साजिश नहीं रची गई और ऐसा करके दुश्मनी नहीं निकाली गई है। गौरतलब है कि हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के बाद तुर्की के साथ तल्खी बढ़ गई थी। तुर्की इन दिनों पाकिस्तान का पक्का यार है। रामदेव ने शक जाहिर कर जांच की मांग की। उन्होंने कहा, विमान हादसे के पीछे इसकी दृष्टि होनी चाहिए, मुझे पता लगा है कि तुर्की की कोई एजेंसी मेंटिनेंस का काम देखती है। एविएशन सेक्टर पर भारत को और नजर रखनी पड़ेगी। तुर्की ने कहीं दुश्मनी नहीं निकाली है। क्योंकि वहां की एजेंसी सर्विस मेंटिनेंस का काम करती थी। यह कहने पर कि उसका कांट्रैक्ट दो माह पहले खत्म कर दिया गया था, बाबा रामदेव ने कहा कि इसलिए भारत को 100 फीसदी इसतरह के संवेदनशील मामलों में विदेशी लोगों के हस्तक्षेप को खत्म करना पड़ेगा। करीब 265 लोगों की जान लेने वाले हादसे की जांच विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो, डीजीसीए, अहमदाबाद अपराध शाखा और स्थानीय पुलिस सहित अन्य एजेंसियां इस घटना की जांच में शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के अधिकारियों ने भी शुक्रवार को मेघाणीनगर में दुर्घटनास्थल का दौरा किया था।




## कोरोना को लेकर पंजाब सरकार ने लोगों से की मास्क पहनने की अपील

**–देश में कुल एक्टिव केस 7400, सबसे ज्यादा केस गुजरात में**

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** देशभर में एक बार फिर कोरोना अपने पैर पसार रहा है। कोरोना के मामलों में इजाफा हो रहा है। इसको लेकर अब पंजाब की आप सरकार ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से नई एडवाइजरी जारी की गई है, जिसमें खासतौर पर बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, बच्चों और स्वास्थ्यकर्मियों को मास्क पहनने की सलाह दी गई है।

एडवाइजरी में कहा गया है कि भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मास्क का इस्तेमाल जरुर किए जाए, ताकि संक्रमण से बचाव हो सके। इसके अलावा लोगों को व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने की भी अपील की। वहीं अगर किसी को खांसी या बुखार जैसी शिकायत हो तो वह खुद को आइसोलेशन में रहकर इलाज कराए और दूसरों से संपर्क से बचे। पंजाब सरकार ने स्वास्थ्यकर्मियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं और मास्क व सैनिटाइजर का इस्तेमाल करने को कहा है, साथ ही लोगों को खांसते या छींकते समय मुंह ढकने, हाथों को बार-बार धोने और सार्वजनिक स्थानों पर सावधानी बरतने की हिदायत दी है।

मान सरकार ने अभी किसी प्रकार की पाबंदी या लॉकडाउन जैसे उपाय नहीं अपनाए हैं, लेकिन आने वाले दिनों में संक्रमण की रफ्तार बढ़ने पर अतिरिक्त कदम उठाए जा सकते हैं। सरकार का कहना है कि हालात पूरी तरह नियंत्रण में हैं, लेकिन एहतियात ही बचाव है। इसलिए आमजन से सहयोग की अपील की जा रही है।

देशभर में कोरोना संक्रमण के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक अब देश में कोरोना वायरस के सक्रिय मामले 7400 पहुंच गए हैं। देश में कुल एक्टिव केस 7400 हैं। इसके अलावा देश के राज्यों सबसे ज्यादा एक्टिव केस गुजरात में हैं, यहां आंकड़ा 1437 है। वहीं दिल्ली में 672, केरल में 2109 और महाराष्ट्र में 613, राजस्थान में 180, तमिलनाडु में 232, उत्तर प्रदेश में 248, पश्चिम बंगाल में 747, कर्नाटक में 527, मध्य प्रदेश में 120, हरियाणा में 97 और आंध्र प्रदेश में 102 केस एक्टिव हैं।

## लालू के पैरों के पास अंबेडकर की तस्वीर, बीजेपी का आरोप, ये प्रमाण हैं कि राजद दलितों से घृणा करती

**पटना (एजेंसी)।** लालू प्रसाद यादव के जन्मदिन पर भीमराव आंबेडकर की तस्वीर को राजद सुप्रीमो के पैरों के पास रखने के मामले में सियासी पारा चढ़ गया है। बीजेपी ने वीडियो जारी कर लालू पर अंबेडकर के अपमान का आरोप लगाया है।

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रेसवार्ता करके लालू यादव और राजद के नेताओं को माफी मांगने की बात कही। साथ ही उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि, लालू यादव सामाजिक अपराध के दोजख हैं। बाबा साहब के साथ इनका व्यवहार दुखद और काफी अपमानजनक है। बीजेपी का आरोप है कि वीडियो में अंबेडकर की तस्वीर जमीन पर और लालू यादव के पैरों के पास रखी दिख रही है।

सम्राट चौधरी ने वीडियो दिखाकर कहा कि ये अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि लालू यादव के जन्मदिन के दिन बाबा साहेब का अपमान हुआ।

यह पूरी घटना राजनीति में राजद के



काले अध्याय को दिखाती है। लालू यादव को माफी मांगनी चाहिए। दलित और पिछड़ों का अपमान करना लालू परिवार के डीएनए में है। उनके जीवन में किसी के लिए कोई सम्मान नहीं है, ना किसी नेता के लिए, ना ही किसी आम बिहारी के लिए।

सम्राट चौधरी ने कहा कि यह घटना इस बात का प्रमाण है कि लालू यादव दलित समाज से घृणा करते हैं। उन्होंने अपने राजनैतिक जीवन में कभी भी बाबा साहेब के विचारों का सम्मान नहीं किया, और ना ही उनके योगदान को उचित स्थान दिया।

उन्होंने कहा कि लालू की तानाशाही प्रवृत्ति ही कारण रही कि बिहार की जनता ने उन्हें सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। राज्य के सभी बड़े नेताओं का अपमान लालू यादव ने किया है। उनकी तानाशाही शैली को जनता ने पहचान लिया है।

उन्होंने कटाक्ष कर कहा कि अगर गलती से लालू यादव को सत्ता मिल जाती, तब वे एके 47 से केक काटते। सत्ता को अपने जन्मदिन जैसा उत्सव मानते हुए वे जनता की भावनाओं को बार-बार रौंदते।÷

वहीं, भाजपा मीडिया इंचार्ज दानिश इकबाल ने घटना को लेकर राजद और लालू परिवार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बाबा साहब की तस्वीर को लालू के जन्मदिन समारोह में उनके पैरों के पास रखकर बधाई दी जा रही है। यह न केवल असंवेदनशीलता बल्कि बाबा साहब के प्रति गहरी घृणा का प्रमाण है।

## आंतरिक रक्षा क्षेत्र में भारत और फ्रांस मिलकर करेंगे काम

नई दिल्ली। विदेश मंत्री जयशंकर ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करने के लिए भारत की ओर से फ्रांस की सराहना की और आतंकवाद के खिलाफ बचाव के भारत के अधिकार के प्रति 'दृढ़ समर्थन' के लिए पेरिस को धन्यवाद दिया। उन्होंने बैठक के बाद मार्सिले में एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए रेखांकित किया कि पिछले कुछ वर्षों में भारत और फ्रांस के बीच ''बहुत उच्च स्तर का विश्वास बना है। जयशंकर ने शुक्रवार को अपने फ्रांसीसी समकक्ष ज्यां नोएल बैरोट के साथ विभिन्न मुद्दों पर व्यापक चर्चा की और दोनों पक्षों ने रक्षा, अंतरिक्ष एवं असैन्य-परमाणु गठजोड़ जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने रक्षा, असैन्य परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष, आतंकवाद के खिलाफ कदमों, लोगों के आपसी संबंधों, नवोन्मेष, कृत्रिम मेधा (एआई), प्रौद्योगिकी समेत विभिन्न विषयों पर व्यापक चर्चा की। हिंद-प्रशांत क्षेत्र के संदर्भ में उन्होंने कहा कि दोनों देश ऐसे स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र का साझा दृष्टिकोण रखते हैं, जहां अंतरराष्ट्रीय कानून एवं समुद्री सुरक्षा को बरकरार रखा जाता है।

## क्या हैं कॉन्फिगरेशन एरर... जिसे समझा जा रहा 241 लोगों की मौत का कारण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे ने पूरे देश को दहला कर रख दिया। हादसे में 241 लोगों की जान चली गई। हादसे की सटीक वजह अभी तक पता नहीं चली है। शुरुआत में विमान का इंजन फेल होने का बड़ा कारण माना जा रहा था। हालांकि अब कयास लगाए जा रहे हैं कि कॉन्फिगरेशन एरर की वजह से यह दर्दनाक हादसा देखने को मिला है।

दरअसल विमान उड़ाते समय किसी भी पायलट के लिए टेकऑफ सबसे मुश्किल काम होता है। टेकऑफ के दौरान एक छोटी सी तकनीकी या ऑपरेशन से जुड़ी कोई भी गलती कॉन्फिगरेशन एरर कहलाती है। अहमदाबाद विमान हादसे के पीछे कॉन्फिगरेशन एरर को बड़ी वजह माना जा रहा है।

### क्या है कॉन्फिगरेशन एरर?

टेकऑफ के दौरान प्लेन के फ्लैप्स, थ्रस्ट, रोटेशन (तय समय पर टेकऑफ) और लैंडिंग गियर उठाने जैसी चीजों को मैनेज करना बेहद जरूरी होता है। इसके बाद अगर पायलट प्लैप्स की सेटिंग गलत कर दे, कम थ्रस्ट और समय से पहले टेकऑफ (रोटेशन) या लैंडिंग गियर न उठाने जैसी गलतियां कॉन्फिगरेशन एरर में गिनी जाती हैं। कॉन्फिगरेशन एरर विमान की उड़ान पर असर डालता है। इससे विमान को उठने और ऊंचाई पकड़ने में परेशानी होती है। इसतरह विमान नियंत्रण खो सकता है और दुर्घटना होना स्वाभाविक है।




अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुआ एअर इंडिया के विमान में जीई जीईएनएक्स इंजन लगा था। टेकऑफ के 5-9 मिनट बाद विमान सिर्फ 825 फीट की ऊंचाई तक ही पहुंच सका था। उस दौरान विमान की रफ्तार 174 नॉट (320 किमी प्रति घंटा थी। हालांकि बोइंग 787 को टेकऑफ के लिए 200-250 नॉट की रफ्तार चाहिए होती है। क्रैश विमान के वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि प्लेन के लैंडिंग गियर नीचे हैं, जो टेकऑफ के समय ऊपर होने चाहिए थे। जीई जीईएनएक्स इंजन को सबसे भरोसेमंद इंजन माना जाता है। वहीं, एक-साथ विमान में लगे दोनों इंजन फेल होना काफी रेयर है। इससे कयास लगाए जा रहे हैं कि अहमदाबाद विमान हादसे की वजह पायलट की लापरवाही (कॉन्फिगरेशन एरर) वजह हो सकती है।

## पहली बार विमान देखा और उसका वीडियो बनाया, लेकिन हादसा होते ही डर गया

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुरुवार को अहमदाबाद में हुए विमान हादसे से पहले का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। हादसे से चंद पल पहले बनाए गए इस वीडियो को लेकर काफी सवाल उठ रहे थे। आखिर हादसे से पहले इस वीडियो को किसने बनाया था? यह वीडियो उस 17 वर्षीय नाबालिग लड़के आर्यन ने बनाया था, जिसने पहली बार विमान देखा था और जिज्ञाशावश उसे अपने मोबाइल में कैप्चर कर लिया। लेकिन कुछ पल बाद विमान को दुर्घटनाग्रस्त होते आर्यन काफी डर गया। बता दें कि 12 जून को अहमदाबाद के मेघाणीनगर में प्लेन क्रैश हुआ था। घटना से कुछ सेकेंड पहले का वीडियो कुछ ही पल में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इस वीडियो में स्पष्ट दिख रहा था कि किस प्रकार विमान ने उड़ान भरी और कुछ ही पल बाद वह हादसे का शिकार हो गया था। उस वक्त मेघाणीनगर के छगनजी की वाडी के निकट आर्यन नामक 17 वर्षीय नाबालिग लड़के मोबाइल में पूरी घटना कैप्चर हो गई थी। पता चला है कि आर्यन के पिता मेट्रो में सेवारत हैं और वह यहीं रहते हैं। जबकि आर्यन अरवल्ली जिले के ईडर में रहता है और कक्षा 12 का छात्र है। आर्यन विमान हादसे के दिन ही अहमदाबाद आया था। जिस मकान से वीडियो बनाया था उसके नीचे के हिस्से में आर्यन के पिता रहते थे और तीन दिन पहले ही ऊपर के मकान में शिफ्ट हुए थे। आर्यन का कहना है कि वह गांव में रहता है, जहां से प्लेन उड़ान नहीं भरते। पहली बार अहमदाबाद आया था और निकट से विमान उड़ते देख मैंने उसका वीडियो बना लिया। ताकि अपने दोस्तों को दिखा सकूं। प्लेन को जाते देख मुझे लगा कि वहां एयरपोर्ट है, लेकिन कुछ सेकेंड के बाद हादसा हो गया। जिसकी मैंने कल्पना भी नहीं की थी। उस घटना से मैं काफी डर गया और अपनी बहन को बताया कि यह क्या हो गया?



# भीषण गर्मी से परेशान लोगों को मॉनसून का इंतजार, 17 जून से हो सकती है बारिश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भीषण गर्मी से परेशान लोगों के लिए राहत भरी खबर है। बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती सिस्टम से अब पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा और मध्य प्रदेश में बारिश की संभावना बढ़ रही है। आईएमडी के मुताबिक, बिहार में इस वर्ष मॉनसून 17 जून से शुरू हो सकता है, जो सामान्य से थोड़ी देर से आ रहा है। पटना, गया, मुजफ्फरपुर और पूर्णिया जैसे क्षेत्रों में बारिश की गतिविधि जोर पकड़ने की उम्मीद है। इससे लोगों को तो तपती गर्मी से राहत मिलेगी ही साथ की किसानों को खरीफ की फसल के लिए भी राहत होगी।

आईएमडी ने कहा है कि यह मौसम 25 जून तक दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान सहित उत्तर-पश्चिम राज्यों के अधिकांश हिस्सों में पहुंच सकता है। सामान्य से पहले आगमन होगा। इससे वर्तमान लू के हालात में जरूरी राहत मिलेगी। राष्ट्रीय राजधानी में लगातार चार दिनों तक भीषण गर्मी रहने के बाद शुक्रवार को तापमान में कुछ गिरावट दर्ज की गयी। इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 'ऑरेंज अलर्ट'जारी करते हुए शुक्रवार देर शाम को आंधी और बारिश का अनुमान जताया है। दिल्ली की आधिकारिक वेधशाला सफदरजंग में अधिकतम तापमान गिरकर 41.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.3 डिग्री सेल्सियस अधिक है, लेकिन बृहस्पतिवार के 43.9 डिग्री सेल्सियस से कम है। शहर के अन्य मौसम केंद्रों ने भी महत्वपूर्ण गिरावट दर्ज की। रिज क्षेत्र में दिन के तापमान में 4.9 डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गयी जबकि आयानगर, लोधी रोड और पालम में क्रमशः 3.6 डिग्री सेल्सियस, 3.7 डिग्री सेल्सियस और 3.3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गयी। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो मौसम के औसत से चार डिग्री अधिक है।ताजा पूर्वानुमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने, हल्की बारिश तथा 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। अगले दो दिन भी ऐसी स्थितियां बनी रहने का अनुमान है और 16 से 18 जून के बीच बारिश की उम्मीद है। आईएमडी के अनुमान के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 39 से41 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। 14 जून के बाद से भीषण गर्मी की उम्मीद नहीं है।

### अगले सप्ताह दक्षिण बंगाल की ओर बढ़ेगा मॉनसून

आईएमडी ने दक्षिण-पश्चिम मानसून के अगले सप्ताह के मध्य तक पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने के आसार के मद्देनजर के कई जिलों में भारी बारिश का शुक्रवार को पूर्वानुमान व्यक्त किया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 18 जून तक के अपने पूर्वानुमान में कहा कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियों और बंगाल की खाड़ी से भारी नमी उत्पन्न होने के कारण राज्य के कुछ जिलों में भारी बारिश होने का अनुमान है। विभाग ने कहा कि 14 जून को उत्तर बंगाल के जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार जिलों में भारी से बहुत भारी स्तर की बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने कहा कि उत्तर बंगाल के अन्य जिलों में 18 जून तक भारी बारिश होने के आसार हैं।आईएमडी बुलेटिन में कहा गया है कि दक्षिण बंगाल के उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना, पूर्वी मिदनापुर, पश्चिम मिदनापुर, कोलकाता, हावड़ा, हुगली, झारग्राम, पुरुलिया, बीरभूम और पश्चिम बर्धमान जिलों में 14 जून से 18 जून के बीच भारी बारिश होने का पूर्वानुमान है।

### गुजरात और झारखंड का हाल

गुजरात और हिंदी पट्टी के अन्य कृषि प्रधान राज्यों में 2025 का पूरा मानसून सामान्य से बेहतर रहने की संभावना है। गुजरात को अपने औसत से 106प्रतिशत, जबकि पंजाब और हरियाणा को 114-115 प्रतिशत बारिश मिलने की उम्मीद है। झारखंड में भी मॉनसून 16-18 जून के बीच पहुंचने की संभावना जताई गई है। हाल ही में रांची और जमशेदपुर में उमस की वजह से गर्मी ज्यादा महसूस हो रही थी, लेकिन आने वाले दिनों में हल्की से मध्यम बारिश से राहत मिल सकती है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक कजोड़मल मीना के लिए स्काईटक प्रिन्टर्स, 111, नवाब कल्लन का बाग, एमएलए क्वार्टर, नीयर समाचार जगत, एमाआई रोड, जयपुर से मुद्रित एवं 303, भव्य टॉवर, कबीर मार्ग, बनीपार्क जयपुर से प्रकाशित।
(इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी) समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्राधिकार जयपुर शहर होगा। मो. नं. 9928078717